हरिभूमि
# रायपुर भूमि





# दो साल बाद टेट, 3.23 लाख अर्जी, 38 हजार नदारद, ड्रेस कोड पर सख्ती ऐसी कि केंद्र के बाहर सज गई टी शर्ट दुकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा रविवार को शिक्षक पात्रता परीक्षा आयोजित की गई। दो साल बाद व्यापम यह परीक्षा आयोजित कर रहा है। शिक्षक बनने के इच्छुक व्यक्तियों के लिए यह पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद पहले से कार्यरत शिक्षक जो टेट क्वालिफाई नहीं हैं, उनके लिए भी पदोन्नति प्राप्त करने अब टेट अनिवार्य है। ⏭ शेष पेज 6 पर

- दो पालियों में प्राथमिक और माध्यमिक कक्षाओं में अध्यापन के लिए हुई परीक्षा
- 20 जिला मुख्यालयों में बनाए गए 1022 परीक्षा केंद्र



### टेट 2026 : ऐसी रही उपस्थिति (आंकड़ें संपूर्ण राज्य के हैं)

**प्रथम पाली**
पंजीकृत अभ्यर्थी - 1 लाख 18 हजार 642
उपस्थित परीक्षार्थी- 86.50%

**द्वितीय पाली**
पंजीकृत अभ्यर्थी- 2 लाख 4 हजार 541
उपस्थित परीक्षार्थी - 89.20%

### दूसरे स्थान पर राजधानी

*सबसे ज्यादा आवेदन बिलासपुर में आए थे। यहां 48,625 ने आवेदन किया था। दूसरे स्थान पर 45,919 अभ्यर्थियों के साथ रायपुर रहा। रायपुर में प्रथम पाली के लिए 15573 परीक्षार्थियों ने आवेदन किया था। इनमें से 12927 परीक्षार्थी केंद्र पहुंचे। दूसरी पाली में 30346 परीक्षार्थी में से 26223 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। व्यापम ने परीक्षा के कुछ दिन पूर्व राजधानी के एक परीक्षा केंद्र में बदलाव किया था। राधाबाई शासकीय कन्या महाविद्यालय के स्थान पर मठपारा के दूधाधारी मंदिर के पास स्थित शासकीय कन्या विद्यालय को नया परीक्षा केंद्र बनाया गया। हालांकि किसी तरह के विवाद की उपस्थिति इसके कारण निर्मित नहीं हुई। परीक्षार्थियों को पूर्व में ही इस संदर्भ में सूचित कर दिया गया था।*

### सजी टी शर्ट की दुकानें

*व्यापम अपनी परीक्षाओं में ड्रेस कोड को लेकर सख्ती बरत रहा है। टेट दो वर्ष पश्चात आयोजित हुई। शिक्षक भर्ती में इसकी अनिवार्यता के कारण अभ्यर्थी इसे लेकर कोई रिस्क नहीं लेना चाह रहे थे। अधिकतर ने आधी बांह व हल्के रंग के वस्त्र संबंधित दिशा-निर्देशों को लेकर गंभीरता दिखाई, लेकिन कई अभ्यर्थियों ने इस बार भी वस्त्र चुनाव में गड़बड़ी की। परीक्षार्थियों की संख्या को देखते हुए व्यावसायियों ने परीक्षा केंद्र के बाहर ही टी-शर्ट की दुकान खोल ली। इनकी बिक्री भी हुई। जेएन पांडेय शासकीय विद्यालय सहित कई केंद्र में इस तरह के नजारे रहे।*

## खबर संक्षेप

### आईटीएमएस कैमरे से ही कटेगा ई-चालान



**रायपुर।** जयस्तंभ चौक स्थित आईटीएमएस के कमांड एंड कंट्रोल सेंटर का रविवार को नवनियुक्त पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला निरीक्षण करने पहुंचे। जहां उन्होंने आईटीएमएस सिस्टम को समझने के साथ ट्रैफिक उल्लंघन के सभी मामलों में आईटीएमएस कैमरे के माध्यम से ई-चालान भेजने के निर्देश दिए। साथ ही पुलिस कमिश्नर ने एलएंडटी के मैनेजर दीपक मालवीय को जिन स्थानों के कैमरे खराब हैं, उन्हें तुरंत ठीक करने के निर्देश दिए। ई-चालान की राशि जमा नहीं करने वालों के लायसेंस निलंबन सहित वाहन संबंधित अन्य कार्यों पर रोक लगाने पुलिस कमिश्नर ने निर्देश दिए हैं।

### सूने मकान में धावा कैश-जेवर किए पार

**रायपुर।** आजाद चौक थाने में एक महिला ने अज्ञात चोर के खिलाफ नकदी 20 हजार रुपए सहित दो लाख रुपए से ज्यादा कीमत के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। शिवनगर हांडीपारा निवासी सोनू तिवारी ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। सोनू ने पुलिस को बताया कि वह तथा उसका पति काम पर गए थे। उनका बेटा स्कूल पढ़ने गया था। इस दौरान कोई अज्ञात चोर मकान का ताला तोड़कर मकान के अंदर प्रवेश किया और आलमारी से नकदी रकम सहित जेवर चोरी कर ले गया।

### दुकान के शटर का ताला तोड़ सवा लाख की चोरी

**रायपुर।** टिकरापारा थाने में एक सेनेटरी दुकान के संचालक ने अज्ञात चोर के खिलाफ दुकान के शटर का ताला तोड़कर सवा लाख रुपए कीमत के नल तथा नल फिटिंग के सामान के साथ दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे, डीवीआर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। देवपुरी में महादेव सेनेटरी एंड फिटिंग के नाम से दुकान संचालित करने वाले तेजाराम ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। तेजाराम ने पुलिस को बताया कि अज्ञात चोर शुक्रवार को उसकी दुकान के शटर का ताला तोड़कर अंदर रखे सामान पर हाथ साफ कर गए।

### हिट एंड रन मामले में ट्रेलर ड्राइवर गिरफ्तार



**रायपुर।** तिल्दा थाना क्षेत्र के बेमता भूमिया गांव में शुक्रवार को हिट एंड रन मामले में पुलिस ने ट्रेलर ड्राइवर को गिरफ्तार किया है। हिट एंड रन से बाइक सवार तीन लोगों की मौत हुई थी तथा दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पुलिस ने लापरवाही से ट्रेलर चलाने के आरोप में झारखंड निवासी अरुण कुमार राम को गिरफ्तार किया है। अरुण ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए बाइक सवारों को चपेट में ले लिया था, जिससे मौके पर तीन लोगों की मौत हो गई थी।

## कारोबारी फरार, पुलिस ने किया मैनेजर को गिरफ्तार

# परचून दुकान में सूखा नशा, 25 लाख के गोगो पेपर, हुक्का और ई- सिगरेट बरामद



खास खबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खमतराई थाना क्षेत्र के न्यू गोंदवारा बस्ती स्थित संचालित एक परचून दुकान के गोदाम में पुलिस ने छापा मारकर 25 लाख रुपए से ज्यादा कीमत की प्रतिबंधित ई-सिगरेट, हुक्का पीने में काम आने वाले अलग-अलग फ्लेवर के तंबाखू, हुक्का पॉट सहित भारी मात्रा में गांजा पीने के काम आने वाले गोगो रोल पेपर सहित अन्य सामग्री जब्त की है।

राजधानी में पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली लागू होने के बाद सूखे नशे के कारोबार तथा उससे जुड़े अन्य सामान के कारोबार करने वालों के खिलाफ पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। पुलिस ने उक्त कार्रवाई नार्थ जोन के डीसीपी मयंक गुर्जर के दिशा निर्देश पर की है।

पुलिस ने पूरे मामले का खुलासा करते हुए बताया है कि परचून का कारोबार करने वाले शंकर नगर निवासी आकाश तलरेजा, डीडीनगर निवासी नितिन भागचंदानी के गोदाम में छापे की कार्रवाई की गई है। पुलिस ने मौके से दुकान के मैनेजर प्रबोध शर्मा को गिरफ्तार किया है। छापे की कार्रवाई पुलिस ने शनिवार देर रात की। आकाश तथा नितिन परचून के थोक कारोबारी हैं। दोनों परचून की आड़ में सूखे नशे का कारोबार कर रहे थे।

### राज्य के कई जिलों तक फैला है कारोबार

प्रबोध से पूछताछ में पुलिस को जानकारी मिली है कि कारोबारी आकाश तथा नितिन राज्य के कई जिलों में परचून की आड़ में सूखे नशे का सामान भेजते थे। बताया जा रहा है कि आकाश तलरेजा पान मसाले का थोक कारोबारी है। साथ ही सिरगेरट लाइटर का थोक कारोबारी है। दोनों कारोबारी सूखे नशे का सामान धमतरी, राजनांदगांव, जगदलपुर सहित कई अन्य जिलों में भेजते थे।

### जब्त सामग्री

| | |
|---|---|
| - कोकोनट कोल | - 70 कार्टून |
| - मैजिक कोल | - 40 कार्टून |
| - इंटा कोल | - 6 कार्टून |
| - ई-सिगरेट | - 78 डिब्बा |
| - आर्गनिक इरा | - 24 नग |
| - कोकोजिल कोल | - 28 बोरी |
| - हुक्का | - 34 नग |
| - स्टैस प्रो | - 14 काटून |
| - स्टैस प्रो बड़ा | - 12 काटून |
| - हुक्का फ्लेवर | - 09 काटून |
| - नोजल बेक | - 08 बोरी |
| - बोंग | - 110 नग |
| - बोंग पाईप | - 100 नग, |
| -मेटल शूटर | - 10 पैकेट |
| - क्लाउड | - 1 काटून |
| - एल्युमीनियम फाइल | -7 काटून |
| - हुक्का पाइप | - 46 नग |


### कच्चे का कारोबार

पुलिस ने कारोबारी के गोदाम से जो सूखा नशे का सामान जब्त किया है। उसका उनके पास किसी तरह का पक्के का बिल नहीं है। आकाश तथा उसके साथी के पकड़े जाने के बाद पता चलेगा कि दोनों कारोबारी उक्त सूखे नशे का सामान किन राज्यों से मंगाकर यहां खपाते थे। घटना के एक दिन पूर्व खम्हारडीह पुलिस ने राजीव नगर में जिस कारोबारी के मकान से हुक्का, हुक्के का सामान तथा गोगो रोल पेपर जब्त किया है, वह भी कच्चे का है।

### कार्रवाई के बाद भी कई विकल्प

गोगो रोल पेपर सहिए अन्य तरह से गांजा पीने वालों के लिए अब भी कई विकल्प खुले हैं। गांजा पीने वाला एक बड़ा वर्ग सिगरेट की तंबाकू निकालकर उसमें गांजा भरकर पीता है। इसके अलावा कई ऐसे भी हैं, जो पीपल के कोमल पत्ते का रोल और कोन बनाकर गांजा भरकर पीते हैं। इसके अलावा कुम्हार द्वारा निर्मित परंपरागत चिलम से गंजेड़ी गांजा फूंकते हैं। पुलिस को गांजा की आवक पर सख्ती से रोक लगानी होगी, तभी नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने का अभियान सफल होगा।

# मंडी गेट के पास एक साथ 3 दुकानों में सेंध



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर


राजधानी के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में कारोबारी संस्थानों में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। मौदहापारा थाना क्षेत्र के बाद चोरों ने सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के मंडी गेट के पास संचालित तीन दुकानों में अज्ञात चोर सेंधमारी कर सात लाख रुपए कैश ले गए। घटना शनिवार-रविवार दरमियानी रात की है। मौदहापारा तथा मंडी गेट के पास चोरी की घटना के बाद मिले सीसीटीवी फूटेज का मिलान कर पुलिस चोरों की पतासाजी करने में जुटी हुई है। मंडी गेट के पास डिजायनर सेनिटेयर, नोवा फर्नीचर तथा बच्चों के लिए रेडीमेड कपड़ा दुकान लबडब में चोरी की ⏭ शेष पेज 6 पर

- सिलसिलेवार चोरी की घटनाओं से दहशत में कारोबारी

### मेनरोड की दुकानों पर धावा

*दो दिन के भीतर चोरों ने जिन छह दुकानों में सेंधमारी की है, वो सभी दुकानें मेनरोड पर स्थित हैं। मेनरोड की दुकानों में चोरी होने की घटना से पुलिस की पेट्रोलिंग पर सवाल उठ रहे हैं। बदमाशों के खिलाफ पुलिस लगातार कार्रवाई करते हुए प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए जेल दाखिल कर रही है। बावजूद इसके बदमाशों के मन में पुलिस के प्रति खौफ नहीं है। यही कारण है कि दो दिन के भीतर बदमाशों ने आधा दर्जन बड़ी चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया है।*

# होली में घर जाने ट्रेनें होने लगीं पैक, पटना से गुजरात तक वेटिंग दिल्ली-मुंबई जाने अभी सीटें उपलब्ध



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

होली का पर्व नजदीक आते ही ट्रेनों की में बुकिंग तेजी आ चुकी है। रायपुर से महानगरों की ओर जाने वाली लंबी दूरी की ट्रेनों में ऑनलाइन कन्फर्म सीट बुक हो चुकी है, जिसके बाद कई ट्रेनों में अब वेटिंग शुरू हो गई है। वर्तमान में सबसे अधिक वेटिंग पटना की ओर जाने वाली ट्रेनों में दिखाई दे रही है, जिसके बाद रायपुर से गुजरात व हावड़ा जाने वाली ट्रेनों में है। बात दें कि होली में बड़ी संख्या में लोग जयपुर, मथुरा भी जाते हैं। इस वजह से दुर्ग-अजमेर एक्सप्रेस और छत्तीसगढ़ में वेटिंग की संख्या अभी से स्लीपर में 50 तक पहुंच चुकी है, वहीं थर्ड एसी में 30 तक है। आने वाले समय में यह संख्या तेजी से बढ़ेगी। बात दें कि रायपुर से दिल्ली, भोपाल, हैदराबाद और मुंबई जाने वाली ट्रेनों में अभी प्रयाप्त सीटें उपलब्ध हैं। इसकी बुकिंग में तेजी फिलहॉल नहीं है। इन ट्रेनों में वेटिंग बढ़ने के बाद रेलवे होली स्पेशल ट्रेनों चलाने का फैसला ले सकता है।

### बिहार, यूपी की तीन ट्रेनों में वेटिंग 80 के पार

*होली को लेकर 1 से 2 मार्च के बीच बिहार और यूपी जाने वाले तीन ट्रेनों में वेटिंग स्लीपर में 80 के पास पहुंच गया है। सारनाथ में स्लीपर में वेटिंग 81 है तो वही थर्ड एसी में 41 है। साउथ बिहार में 62 व बरौनी एक्सप्रेस में 20 तक है। सारनाथ में यात्रियों का दबाव इस होली में ज्यादा रहेगा। यह ट्रेन छत्तीसगढ़ से होकर मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश से होकर बिहार जाती है।*

### हावड़ा रूट की ट्रेनों में वेटिंग

*रायपुर हावड़ा रूट की ओर जाने वाली ट्रेनों में वेटिंग शुरू हो चुकी है। शालीमार एक्सप्रेस के स्लीपर में 9 वेटिंग है, तो वही आजाद हिंद एक्सप्रेस में 18 है। हावड़ा अहमदाबाद एक्सप्रेस में स्लीपर में 27 है। पुरी अहमदाबाद में 60 के पार पहुंच गई है। बता दें कि दिल्ली, मुंबई और भोपाल जाने वाली ट्रेनों में वेटिंग शुरू नहीं हुई है। इसमें 200 से अधिक सीटें खाली है।*

### दुर्ग-निजामुद्दीन के बीच चलेगी स्पेशल ट्रेन, मिलेंगी कन्फर्म बर्थ

होली के त्यौहार पर ट्रेनों में होने वाली भारी भीड़ को देखते हुए रेलवे ने यात्रियों को बड़ी राहत दी है। त्यौहार के दौरान कन्फर्म बर्थ और आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करने के लिए दुर्ग और निजामुद्दीन के बीच एक होली स्पेशल ट्रेन (08751/08752) चलाने का निर्णय लिया गया है। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में दो-दो फेरे लगाएगी, जिससे छत्तीसगढ़ से दिल्ली जाने वाले यात्रियों को काफी सुविधा होगी। इस ट्रेन में कुल 20 कोच होंगे, जिसमें जनरल, स्लीपर और एसी कोच की सुविधा उपलब्ध रहेगी।रेलवे द्वारा जारी समय-सारणी के अनुसार, गाड़ी संख्या 08751 दुर्ग-निजामुद्दीन होली फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन 1 और 2 मार्च 2026 को दुर्ग से सुबह 10.45 बजे रवाना होगी। यह ट्रेन रायपुर 11.20 बजे पहुंचकर 5 मिनट बाद छूटेगी और उसलापुर दोपहर 1.20 बजे पहुंचेगी। इसके बाद पेंड्रारोड, अनूपपुर, शहडोल और उमरिया होते हुए शाम 7.30 बजे कटनी मुड़वारा पहुंचेगी। रात के सफर में यह ट्रेन दमोह, सागर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, आगरा कैंट और मथुरा होते हुए अगले दिन सुबह 11.10 बजे निजामुद्दीन स्टेशन पहुंचेगी।

### शराब दुकान में घुसकर फैलाई दहशत, गिरफ्तार

**रायपुर।** थाना धरसींवा क्षेत्र में चाकू दिखाकर धमकी देने और शराब दुकान में जबरन घुसकर दहशत फैलाने वाले कुख्यात बदमाश राजेश सिसोदिया को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद किया गया है। राजेश सिसोदिया के खिलाफ मारपीट, बलवा, चोरी, आर्म्स एक्ट, आबकारी एक्ट और नारकोटिक एक्ट सहित एक दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं और वह पूर्व में कई बार जेल जा चुका है। पुलिस के अनुसार, हेमंत साहू ने पुलिस सहायता केंद्र सिलतरा चौकी थाना धरसींवा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह अंग्रेजी शराब दुकान ग्राम सिलतरा में सेल्समैन है। 1 फरवरी को वह प्रतिदिन की तरह सुबह लगभग 10 बजे दुकान खोलकर शराब की बिक्री कर रहा था, इस दौरान बदमाश दुकान के अंदर घुस आया और चाकू दिखाकर दहशत फैलाई।

# मौसमी व्यवधान के साथ बीतेगा फरवरी... बादल बारिश, ओलावृष्टि के साथ पारा भी चढ़ेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

फरवरी के महीने में आने वाले पश्चिमी विक्षोभ मौसमी व्यवधान पैदा करने वाले होते हैं। इसके प्रभाव से बादल, बारिश के साथ आम सहित अन्य फसलों को खराब करने वाले ओलावृष्टि की संभावना रहती है। महीने के शुरुआत में राज्य में वर्षा होने की संभावना है और आने वाले दिनों में अन्य तरह की हलचल से भी इंकार नहीं किया जा रहा है। ⏭ शेष पेज 6 पर

- मौसम को बिगाड़ने वाले पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय रहने की संभावना ज्यादा



### 17 साल पहले 38 डिग्री का रिकार्ड

रायपुर में 17 साल पहले यानी वर्ष 2009 में 28 फरवरी को अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा था जो अब तक का रिकार्ड है। इसी तरह फरवरी में पेंड्रा में 27 फरवरी 2006 को पारा 37 डिग्री, जगदलपुर में 20 फरवरी 2006 को 38.7, अंबिकापुर में 25 ⏭ शेष पेज 6 पर

### अभी दिन-रात का पारा 2 डिग्री ज्यादा

अभी रायपुर में न्यूनतम और अधिकतम तापमान सामान्य से 2 डिग्री अधिक रिकार्ड किया जा रहा है। वर्तमान में सुबह-सुबह ठंड का प्रभाव है और दिन चढ़ने के बाद गर्मी बढ़ती महसूस हो रही है। सरगुजा समेत उत्तरी हिस्से में ठंड की विदाई में कुछ वक्त लगने के आसार है मगर मध्य हिस्से ठंड का प्रभाव आने वाले दिनों में समाप्त होने की संभावना है। पिछले 24 घंटे में रायपुर का तापमान सबसे ज्यादा 31. 1 तथा सबसे कम अंबिकापुर का 9.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## 5 साल से प्रमोशन के इंतजार में पुराने चिकित्सा शिक्षक

# पुराने 10 सरकारी मेडिकल कॉलेजों में चिकित्सा शिक्षकों के 1123 पद खाली पड़े, अब पांच नए कॉलेजों की चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राज्य में संचालित 10 शासकीय मेडिकल कॉलेज 45 प्रतिशत चिकित्सा शिक्षकों की कमी से जूझ रहे हैं, ऐसे में पांच नए चिकित्सा महाविद्यालय की फैकल्टी बड़ी चुनौती साबित हो सकती है। पुराने कॉलेजों में पढ़ाई 935 डाक्टरों के भरोसे हो रही और 1123 पद खाली हैं। ऐसे में 5 नए कॉलेजों के लिए लगभग 100 शिक्षकों की जरूरत होगी।

राज्य में सवा सौ असिस्टेंट प्रोफेसर की सीधी भर्ती के लिए बुलाए गए आवेदन के आधार पर इंटरव्यू होने का इंतजार है। 10 कॉलेजों में पदस्थ पुराने चिकित्सा शिक्षक भी पिछले पांच साल से प्रमोशन आर्डर की प्रतीक्षा कर रहे हैं। ऐसे में कबीरधाम, मनेंद्रगढ़, जांजगीर-चांपा, गीदम और जशपुर में ⏭ शेष पेज 6 पर

- सवा सौ असिस्टेंट प्रोफेसर की सीधी भर्ती का इंतजार



### दोहरी जिम्मेदारी

शासन द्वारा प्रारंभ किए जाने वाले नए शासकीय मेडिकल कॉलेजों में डीन की नियुक्ति प्रभारी के रूप में की है। उनके नेतृत्व में इन कॉलेजों में आवश्यक निर्माण पूरा करने के साथ अन्य डॉक्टरों की नियुक्ति की जाएगी। वर्तमान में नियुक्ति किए गए डीन अन्य मेडिकल कॉलेजों की जिम्मेदारी भी संभाल रहे हैं। उनकी दोहरी जिम्मेदारी मूल काम को प्रभावित कर सकती है। वर्तमान में सौ से ज्यादा चिकित्सा शिक्षक अधीक्षक अथवा डीन बनने के पात्र हैं, मगर प्रमोशन के अभाव में जूनियरों को यह जिम्मेदारी देकर काम चलाया जा रहा है।

### नियमितिकरण भी बड़ी चुनौती

*वर्तमान में मेडिकल कॉलेजों में करीब चार सौ डॉक्टर संविदा आधार पर अपनी सेवा दे रहे हैं। इनमें से कई तो रिटायरमेंट के करीब हैं, मगर आदर्श भर्ती नियम लागू होने के बाद भी इन्हें नियमित नहीं किया जा रहा है। रेगुलर नहीं होने की वजह से संविदा डॉक्टर समय-समय पर नौकरी छोड़कर झटका भी दे रहे हैं। वहीं कॉलेज स्तर पर समय-समय पर निकलने वाली सौ से ज्यादा की भर्ती प्रक्रिया में दो से तीन लोगों की ज्वाइनिंग संविदा सेवा के प्रति नीरसता को दर्शाती है। मेडिकल कॉलेजों में सबसे ज्यादा कमी सीनियर रेसीडेंस डॉक्टरों की है।*

## खबर संक्षेप

### केन्द्रीय बजट में किसानों की हुई उपेक्षा : पारसनाथ

**आरंग।** केन्द्रीय बजट में किसानों के लिए कुछ भी नहीं रखा गया है। आज़ादी के बाद यह पहली बार है जब केन्द्रीय बजट में किसानों की



इतनी बड़ी उपेक्षा की गई है। देश भर में फसल उत्पादन की लागत काफी बढ़ गई है। खाद, बीज और रासायनिक दवाइयाँ अत्यधिक महंगी हो चुकी हैं। आज आवश्यकता थी कि उत्पादन लागत में 50 प्रतिशत जोड़कर समर्थन मूल्य तय किया जाए, किंतु वास्तविकता यह है कि कोई भी फसल आज समर्थन मूल्य पर बिक नहीं पा रही है। किसान नेता पारसनाथ साहू ने कहा कि देश की आत्मा गाँवों में बसती है और किसान देश की रीढ़ है। यदि किसान आत्मनिर्भर नहीं होगा तो देश किसी भी स्थिति में विकास नहीं कर सकता। छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश के किसानों को उम्मीद थी कि सभी फसलों की अच्छी कीमत पर खरीदी, पर्याप्त खाद-बीज, कृषि उपकरणों की उपलब्धता तथा इन सबके लिए बजट में ठोस प्रावधान किया जाएगा। साथ ही जगह-जगह फूड

### श्री कबीर आश्रम सकरी में 3 दिवसीय सत्संग समारोह 3 से

**आरंग।** श्री कबीर आश्रम सकरी (कोरासी) में त्रिदिवसीय सत्संग समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 3 से 5 फरवरी तक श्री अमिलाष देव पारख सत्संग समिति के तत्वावधान में संपन्न होगा। समारोह में यशस्वी संत धर्मेन्द्र साहेब (पारख संस्थान, प्रयागराज) अपनी संत मंडली के साथ पधार रहे हैं। सत्संग के माध्यम से श्रद्धालुओं को जीवन के विभिन्न पहलुओं पर आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त होगा, जो उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में सहायक होगा। इस अवसर पर 4 एवं 5 फरवरी 2026 को ओंकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, आरंग के सहयोग से निःशुल्क चिकित्सा एवं परामर्श शिविर का भी आयोजन किया गया है। आयोजकों ने बताया कि श्री कबीर आश्रम सकरी में प्रत्येक माह की पहली तारीख को नियमित सत्संग कार्यक्रम आयोजित होता है। इस विशेष अवसर पर सभी श्रद्धालुओं को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का आमंत्रण दिया गया है।

### टोलाघाट में तीन दिवसीय महाशिवरात्रि मेला 14 से

**अभनपुर।** छत्तीसगढ़ निषाद समाज 12 पाली परिक्षेत्र परसदा–टोला द्वारा ग्राम खट्टी के समीप खारुन नदी तट पर स्थित शिवधाम टोला घाट के श्री शिव मंदिर में 14 से 16 फरवरी तक त्रिदिवसीय महाशिवरात्रि पर्व, सामाजिक सम्मेलन एवं लक्ष्मण झूला लोकार्पण का आयोजन किया जाएगा। निषाद समाज परिक्षेत्र अध्यक्ष मनोहर निषाद ने जानकारी देते हुए बताया कि खारुन नदी के बीच में स्थापित शिव मंदिर वर्ष 1945 से संचालित है जहां 14 फरवरी को सामाजिक सम्मेलन, 15 फरवरी (महाशिवरात्रि) को विशेष पूजा-अर्चना के साथ भव्य मेला तथा 16 फरवरी को जनप्रतिनिधि सम्मेलन एवं समापन समारोह आयोजित होगा।
तीनों दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। अध्यक्ष मनोहर निषाद के अनुसार कार्यक्रम को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-18, कांदुल तहसील व जिला रायपुर छ.ग.**

**आम सूचना**

जारी दिनांक- 19.01.2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम-बोरियाकला प.ह.न.-81 रा.नि.मं-रायपुर-18 तहसील व जिला-रायपुर छ.ग. में **आवेदिका श्रीमती कचरा बाई पति श्री गणेश राम वगैरह निवासी बोरियाकला रायपुर छ.ग.** द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि **खसरा नंबर 1614/3 रकबा 0.4610 हे.** भूमि का सीमांकन हेतु आवेदन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र.-/ क / वाचक / तहसीलदार / 2025 रायपुर दिनांक 02/06/2025 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन दिनांकः- **09/02/2026** को किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आस-पास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय के पूर्व पटवारी कार्यालय में एवं उक्त तिथि व समय को आवेदित स्थल पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा/आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन उपरांत कोई भी दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी। सो सूचना जाने।

**राजस्व निरीक्षक, रायपुर-18 कांदुल**

## बजट : बजट देश की आर्थिक प्रगति का विस्तार करने वाला और आत्मनिर्भरता आएगी

मंत्री टंकराम वर्मा ने केंद्र सरकार की जमकर सराहना की

# केंद्रीय बजट से विकसित भारत 2047 के विजन और रोडमैप को मिलेगी मजबूती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

भारत की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लगातार नौवीं बार केंद्रीय बजट पेश किया है। इस बार का बजट "विकसित भारत" के केंद्र बिंदु पर आधारित था, जिसमें देश के विभिन्न महत्वपूर्ण क्षेत्रों को खास ध्यान दिया गया। बजट में हेल्थकेयर इंडस्ट्री, डिफेंस सेक्टर, किसानों, युवा और इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत बनानेके लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई हैं ।बजट पेश होने के बाद विभिन्न वर्गों और राजनीतिक दलों से मिली-जुली प्रतिक्रियाएं आई हैं।

### विकसित भारत 2047 होगा साकार : मंत्री टंकराम



छत्तीसगढ़ शासन में राजस्व एव खेल मंत्री टंकराम वर्मा ने बजट को लेकर केंद्र सरकार की जमकर सराहना की है। उन्होंने बजट 2026 को मजबूत भारत की नींव बताते कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्पष्ट विजन और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के मजबूत वित्तीय क्रियान्वयन के कारण यह बजट विकसित भारत के रोडमैप को मजबूती देने वाला है। बजट में जमीनी स्तर पर खेलों को बढ़ावा देने के लिए खेलो इंडिया मिशन का प्रस्ताव रखा, जिसमें वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अगले दशक में भारत के खेल इकोसिस्टम को बदलने के उद्धेश्य से खेलो इंडिया मिशन शुरू करने की घोषणा की।खेलो इंडिया मिशन मौजूदा खेलो इंडिया कार्यक्रम को आगे बढ़ाएगा, जिसमें प्रतिभा की पहचान से आगे बढ़कर कोचिंग, प्रशिक्षण, बुनियादी ढांचे और खेल विज्ञान में लंबे समय से चली आ रही संरचनात्मक कमियों को दूर किया जाएगा। टंकराम वर्मा ने कहा कि यह बजट भारत के पिछले बारह वर्षों के विकास को और मजबूती देगा।

### ग्रामीण भारत और शहरीकरण पर बल मिलेगा : श्याम नारंग



भाजपा के रायपुर जिला ग्रामीण अध्यक्ष श्याम नारंग- ने कहा कि यह बजट विककसीत भारत को मजबूत करने का बजट है.यह विकसीत भारत का बजट है.। इस बजट में ग्रामीण भारत और शहरीकरण पर बल दिया गया है।.इस बजट से रोजगार निकलेगा।.उन्होंने बजट को दूरदर्शी, विजनरी और विकसित भारत का रोडमैप बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और पूरी भारत सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा निर्मला सीतारमण देश की नारी शक्ति की प्रतीक हैं।, जिन्होंने लगातार नौवीं बार केंद्रीय बजट प्रस्तुत कर इतिहास रच दिया है.। भारत में लगातार नौ बार बजट प्रस्तुत करना अपने आप में एक बड़ा रिकॉर्ड है।, जो उनके अनुभव और आर्थिक समझ को दर्शाता है.। नारंग ने कहा यह बजट देश की आर्थिक प्रगति का विस्तार करते हुए आने वाले समय की जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाया गया है. इस बजट के माध्यम से सरकार का उद्धेश्य समावेशी विकास और नए भारत के निर्माण को प्रोत्साहित करना है. ।

### आशा और आकांक्षाओं का प्रतीक



भाजपा रायपुर जिला ग्रामीण मंत्री विकास कोटवानी ने कहा आशा और आकांक्षाओं का प्रतीक ये बजट यह बजट जनता को समर्पित है, जिसमें नए भारत और विकसित भारत की संकल्पना की दृष्टि स्पष्ट दिखाई देती है।आयुष और स्वास्थ्य क्षेत्र पर जोर देना, महिलाओं के लिए हर जनपद में छात्रावास के निर्माण की व्यवस्था, नौजवानों के लिए हर क्षेत्र में अवसर के साथ-साथ अलग-अलग क्षेत्र में रिफॉर्म का बजट पेश किया गया है। मै इस बजट का स्वागत करता हूं. जिस प्रकार से निर्मला सीतारमण जी ने 9 वीं बार बजट पेश किया है. ये भारत सरकार के गुड गवर्नेंस का प्रतीक है.भारत की अर्थव्यवस्था को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए ये बजट मददगार साबित होगा। कि विपक्ष इसके खिलाफ सिर्फ इसलिए बोल रहा है, क्योंकि वे इसकी क्वालिटी देखकर घबरा गए हैं।

### दूसरी तरफ कांग्रेस ने बजट पर तंज किया



कांग्रेसी नेता शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा कि ये एक ऐसा बजट जो सुधार करने से इनकार करता है और भारत के वास्तविक संकटों से पूरी तरह अनजान है. उन्होंने कहा है कि छुट्टी के दिन के बजट में निर्मला सीतारमण ने इकोनॉमी की छुट्टी कर दी'बजट में ना कृषि क्षेत्र में, ना उद्योग क्षेत्र में, ना रोजगार मजदूरों के क्षेत्र में कुछ ऐलान हुआ। यही कारण है कि शेयर मार्केट धड़ाम से नीचे आ गिरा। बहुत निराशाजनक बजट है।सेलेब को जस के तस रखा गया है। इसमें कोई बदलाव नहीं हुआ है। छत्तीसगढ़ के लिए बजट में कोई ऐलान नहीं होने पर शैलेश ने सराकर पर तंज किया। कहा कि छत्तीसगढ़ को अडानी के लिए छोड़ दिया गया। उनके लिए जगह रखा गया है।

### चहेते उद्योगपतियों को फायदा पहुंचा रही सरकार : बंजारे



बजट 2026 पर कई राज्यों में माइनिंग-कॉरिडोर बनाने का ऐलान भी किया गया है। इसे लेकर रायपुर जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष राजेन्द्र पप्पु बंजारे ने कहा कि केंद्र सरकार लगातार अपने चहेते उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने का काम कर रही है।उन्होंने कहा कि अगले ढाई साल में सरकार छत्तीसगढ़ के माइनिंग कॉरिडोर को अपने पसंदीदा उद्योगपतियों को बेचने की तैयारी में है। राज्य में पहले से ही लगातार खनन हो रहा है। अब इस फैसले के जरिए पूरे छत्तीसगढ़ को बेचने की कोशिश की जा रही है।उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए प्रति व्यक्ति आय में बढ़ोत्तरी कैसे होगी ? इस पर बजट में कोई स्पष्टता नहीं है. डिजिटल कंटेंट क्रिएशन को बढ़ावा देने की बात की गयी है. मगर देश की शिक्षित व गैर - शिक्षित युवा आबादी के लिए यथार्थ में जॉब - क्रिएशन कैसे और किन - किन सेक्टर्स में होगा ? देश के इस सबसे गंभीर मसले पर भी बजट में कोई स्पष्ट रोड मैप नहीं है

## हिस्ट्रीशीटर गुंडा सिसोदिया गिरफ्तार, भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

औद्योगिक क्षेत्र सिलतरा में अपनी दहशत कायम करने की कोशिश करने वाला गुंडा बदमाश राजेश सिसोदिया को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सिलतरा चौकी प्रभारी राजेन्द्र कंवर की कार्यशैली और सूझबूझ ताबड़तोड़ कार्रवाई से क्षेत्र के असामाजिक तत्वों में हड़कंप मचा है। घटना रविवार दोपहर की है जब प्रार्थी हेमंत साहू सिलतरा स्थित अंग्रेजी शराब दुकान में सेल्समैन के रूप में अपना कार्य कर रहा था। तभी शिकारीपारा का कुख्यात बदमाश राजेश सिसोदिया ने दुकान का दरवाजा बलपूर्वक खोलकर भीतर घुस गया और गाली-गलौज करते हुए चाकू निकाला और धमकाया।

**घेराबंदी करके पकड़ा**-रायपुर पुलिस अधीक्षक श्रीमती श्वेता श्रीवास्तव के निर्देश पर सिलतरा चौकी प्रभारी श्री कंवर ने कमान संभाली और उनकी टीम ने कई स्थानों पर दबिश दी और पारधी मोहल्ला स्थित उसके निवास में घेराबंदी करके आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से वारदात में इस्तेमाल किया गया चाकू बरामद कर लिया है। गौरतलब है कि राजेश



सिसोदिया धरसींवा थाने का 'हिस्ट्रीशीटर' गुंडा बदमाश है, जिसके विरुद्ध मारपीट, बलवा, चोरी, आर्म्स एक्ट, आबकारी एक्ट और नारकोटिक्स एक्ट जैसे एक दर्जन से अधिक संगीन मामले दर्ज हैं। वह पहले भी कई बार जेल की सजा काट चुका है, लेकिन जेल से बाहर आते ही पुनः आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त हो जाता था। आरोपी के विरुद्ध धारा 119(1), 296, 333, 351(2) बी.एन.एस. के तहत मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया है।

### बजट में बेटियों को भविष्य की मिली उड़ान : ललिता



**आरंग।** केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत आम बजट को लेकर रायपुर जिला ग्रामीण भाजपा की महामंत्री ललिता वर्मा ने सकारात्मक प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट देश के समावेशी विकास, सामाजिक न्याय और महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक मजबूत और दूरदर्शी कदम है। उन्होंने कहा कि बजट में बेटियों के लिए किए गए प्रावधान न केवल शिक्षा को बढ़ावा देंगे, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में भी अहम भूमिका निभाएंगे। उन्होंने विशेष रूप से हर जिले में गर्ल्स हॉस्टल की स्थापना के प्रावधान की सराहना करते हुए कहा कि यह निर्णय ग्रामीण और दूरस्थ अंचलों की छात्राओं के लिए वरदान साबित होगा। सुरक्षित आवास की सुविधा मिलने से बेटियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में आने वाली बड़ी बाधाएँ दूर होंगी और अभिभावकों का भरोसा भी बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रस्तुत यह बजट 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान को नई मजबूती देता है। शिक्षा के माध्यम से सशक्त होती बेटियाँ ही आने वाले समय में आत्मनिर्भर भारत की सच्ची शक्ति बनेंगी। यह बजट महिला सशक्तिकरण को नारे से आगे ले जाकर जमीन पर उतारने का कार्य करेगा।

## बढ़ता प्रदूषण, सिमटते जंगल व मोबाइल की लत संबंधी कार्यक्रमों से सजाया वार्षिकोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

हौसलों की उड़ान और संवेदनाओं के संगम का गवाह बना आरंग का गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, विद्यालय के वार्षिक उत्सव में छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा और भावपूर्ण प्रस्तुतियों से न केवल उपस्थित जनसमूह का दिल जीता, बल्कि समाज को एक नई सोच के साथ घर लौटने पर मजबूर कर दिया। टहनियां - एक अनछुई संवेदना थीम रही, जिसने आधुनिकता की दौड़ में पीछे छूट रही संवेदनाओं को जीवंत कर दिया। इस वर्ष के वार्षिकोत्सव का केंद्र बिंदु रही थीम टहनियां - एक अनछुई संवेदना ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों ने बखूबी दर्शाया कि बढ़ता प्रदूषण और घटते जंगल भविष्य के लिए कितने खतरनाक हैं, मोबाइल की लत से बचपन कैसे गुम होता जा रहा है, इसे मार्मिक नाटकों के जरिए पेश किया गया साथ ही नालंदा, एकलव्य, पृथ्वीराज चौहान,आसरा, दिव्यांग,अरावली की पुकार, चंद्रशेखर आजाद, गणेश महिमा जैसे विषयों पर आधारित कार्यक्रमों ने राष्ट्र के वैभवशाली इतिहास और गौरवगाथाओं से वर्तमान पीढ़ी को रूबरू कराया गया।





### छत्तीसगढ़ की माटी की महक बिखरी

मंच पर जब छत्तीसगढ़ की माटी की महक बिखरी, तो पूरा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति, पारंपरिक नृत्य और देशप्रेम से ओत-प्रोत प्रस्तुतियों ने दर्शकों में जोश भर दिया। भव्य मंच सज्जा और आकर्षक लाइटिंग ने बच्चों की प्रस्तुतियों में चार चांद लगा दिए, जिससे हर दृश्य जीवंत प्रतीत हो रहा था । यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ चर्म शिल्पकार विकास बोर्ड के अध्यक्ष ध्रुव कुमार मिर्धा, नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. संदीप जैन, नायब तहसीलदार गजानंद सिदार और विकासखंड शिक्षा अधिकारी (**BEO**) दिनेश शर्मा के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ । अतिथियों ने विद्यालय के नवाचार और बच्चों के प्रदर्शन की काफी सराहना की। वार्षिकोत्सव टहनियाँ में किन्नरों के जीवन पर आधारित कार्यक्रम अनंत-अ जर्नी आफ थर्ड सोल ने सभी को रूला दिया। समाज के इस महत्वपूर्ण हिस्से के प्रति समाज की दृष्टि और उपेक्षा के भाव को प्रदर्शित किया गया। इस अवसर पर किन्नर समाज के सदस्यों को आमंत्रित कर विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

इस अनूठी पहल की प्रशंसा सभी ओर हो रही है। बोर्ड कक्षाओं के विकासखंड और जिला स्तर पर प्रावीण्यता प्राप्त करने वाले विभिन्न विद्यालयों को विद्यालय के संस्थापक पं. दीनानाथ कृष्णा देवी चतुर्वेदी मेडल से सम्मानित किया गया, दसवीं एवं बारहवीं विभिन्न विद्यालयों के दसवीं एवं बारहवीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले 24 विद्यार्थियों, पांचवीं एवं आठवीं के जिला एवं विकास खंड स्तर पर प्रावीण्यता प्राप्त करने वाले विद्यालय के 09 विद्यार्थियों एवं क्रीड़ा क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धि प्राप्त करने वाले बच्चों को पंडित दीनानाथ कृष्णा देवी चतुर्वेदी मेडल,मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसमें नीट और क्लैट परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाली विद्यालय की छात्रा मुस्कान देवांगन, नीट परीक्षा में सफल होकर एमबीबीएस कर रही छात्रा प्रेरणा चंद्राकर को भी सम्मानित किया गया। स्कूल के डायरेक्टर यशवंत कुमार चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में किए गए इस अनूठे प्रयोग (नवाचार) की पूरे क्षेत्र में चर्चा हो रही है। उनके नेतृत्व में विद्यालय ने शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों के बीजारोपण की जो मिसाल पेश की है। गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल के डायरेक्टर यशवंत कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि बच्चों को संवेदनशील नागरिक बनाना है। 'टहनियां' थीम इसी दिशा में एक छोटा सा प्रयास था।

## जयंती पर माता शाकंभरी की निकाली गई रथयात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

खोरपा में ग्राम मरार पटेल समाज द्वारा ईष्ट देवी शाकंभरी माता की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत पूजा-अर्चना से की गई, जिसके पश्चात शाकंभरी माता की भव्य रथ यात्रा निकाली गई। रथ यात्रा के दौरान समाज की महिलाओं ने शाक-सब्जियों से सजे कलश धारण कर गांव के प्रमुख चौक-चौराहों में भ्रमण किया। इस अवसर पर समाज द्वारा जनपद पंचायत उपाध्यक्ष से समाज में आयोजनों हेतु आहता निर्माण की मांग भी रखी गई।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत उपाध्यक्ष खेलूराम साहू रहे। वहीं अभनपुर राज अध्यक्ष ईश्वर पटेल, सह सचिव ईश्वर पटेल, ग्राम अध्यक्ष डॉ. मधुसूदन पटेल, उपाध्यक्ष महादेव पटेल, सरपंच मीना चम्मन ध्रुव सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। जनपद उपाध्यक्ष खेलूराम साहू ने कहा कि मरार पटेल समाज द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम सराहनीय है। समाज की मांगों को देखते हुए उन्होंने आहता निर्माण के लिए 5 लाख की घोषणा की।राज अध्यक्ष ईश्वर पटेल ने कहा कि शाकंभरी माता हमारी संस्कृति और परंपरा की प्रतीक हैं। इस तरह के आयोजनों से समाज में एकता, सहयोग और संस्कारों का संरक्षण होता है। समाज के विकास के लिए सभी को एकजुट होकर आगे बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम में डॉ. नारायण साहू, भोज साहू, पंचम साहू, राजेंद्र साहू, जगन्नाथ पटेल, शिशुपाल पटेल, मोहन पटेल, दयालु पटेल, प्रीतम पटेल, सुरेन्द्र पटेल, नोहर पटेल, मन्नू पटेल, गांधी पटेल, गणेश पटेल, धनेश पटेल,जाम बाई साहू, अनीता पटेल, टेमिन पटेल, विनी पटेल, सरिता पटेल, डोमेश्वरी पटेल, पूर्णिमा पटेल, सावित्री पटेल, तान्या पटेल, कुंती पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## विकसित भारत 2047 पर हुई वाद-विवाद स्पर्धा

**अभनपुर।** राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय कला मंच अभनपुर इकाई द्वारा ओपन माइक अंतर्गत तात्कालिक भाषण,वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय एवं महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने विकसित भारत में युवाओं की भूमिका, राष्ट्रीय शिक्षा नीति, सफलता और नैतिकता तथा मेरा गांव–मेरी भूमिका जैसे विषयों पर विचार रखे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अधिवक्ता अनिल अग्रवाल ने मंचीय अनुशासन और भाषण कला के महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश सहमंत्री प्रथम राव फूटाने ने 'विकसित भारत 2047' में युवाओं की निर्णायक भूमिका पर जोर दिया।

प्रतियोगिता में अंशु वर्मा ने प्रथम, प्रिया चक्रधारी ने द्वितीय तथा त्रिशा साहू, पूनम साहू और हिमांशी दिवान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में बलौदाबाजार विभाग संयोजक राधेश्याम साहू, रायपुर ग्रामीण जिला संयोजक भावेश नवरंगे, नगर मंत्री हिमेश साहू, नगर सहमंत्री प्रतिम कुर्रे एवं सुश्री अंजली जांगड़े, एसएफएस सह प्रमुख शिवम द्विवेदी, आरकेएम प्रमुख केशर साहू, महाविद्यालय सह प्रमुख दीप्ति मार्कण्डे, नगर कार्यकारिणी सदस्य अनीश सूर्यवंशी, निखिल साहू, विशु गुप्ता, नेहा साहू, धनेश्वरी खुटियारे एवं सुलोचना तारक सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## क्रिकेट में पत्रकार इलेवन ने पुलिस इलेवन को 4 विकेट से दी शिकस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

मैदान पर जब कलम के सिपाही और कानून के रखवाले आमने-सामने हुए तो मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। पत्रकार इलेवन की सटीक और धारदार गेंदबाजी के आगे पुलिस इलेवन की टीम ताश के पत्तों की तरह ढह गई। पुलिस की टीम पत्रकार इलेवन की रनों रोकने में दबाव में नजर आई और पूरी पारी के दौरान पत्रकारों की रणनीतिक गेंदबाजी का कोई तोड़ नहीं निकाल सकी। अंततः, पत्रकार इलेवन ने शानदार जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया। ग्राम पंचायत टाडा स्थित शानदार खेल मैदान में रविवार को पुलिस और पत्रकारों के बीच एक दिवसीय मैत्री क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। भारी संख्या में उमड़े दर्शकों की मौजूदगी में खेले गए इस मुकाबले में पत्रकार इलेवन ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए पुलिस इलेवन को 4 विकेट से पराजित कर जीत की ट्रॉफी अपने नाम की। मैच की शुरुआत रविवार सुबह 9 बजे हुई जहाँ पत्रकार इलेवन के कप्तान हेमंत वर्मा ने टॉस जीता और पहले क्षेत्ररक्षण करने का साहसिक निर्णय लिया। बल्लेबाजी



के लिए आमंत्रित पुलिस इलेवन की टीम ने 12 ओवर के इस मुकाबले में संभलकर खेलना शुरू किया। पुलिस टीम की ओर से चौकी प्रभारी व कप्तान श्री राजेंद्र कंवर ने मोर्चा संभालते हुए बेहतरीन कप्तानी पारी खेली और अपनी टीम को 62 रनों के स्कोर तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सटीक गेंदबाजी से पुलिस की पूरी टीम 12 ओवरों में 62 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। इस प्रकार पत्रकार इलेवन को जीत के लिए 63 रनों का लक्ष्य मिला। पत्रकार टीम के विद्या भूषण वर्मा, हिमांशु शर्मा और साहिल खान ने सूझबूझ भरी बल्लेबाजी करते हुए 48 रनों की अहम साझेदारी की। पत्रकार इलेवन ने मैच के 10वें ओवर में ही 6 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया।

## शातिर बदमाश गिरफ्तार, रिमांड पर भेजा गया जेल

**अभनपुर।** अभनपुर पुलिस ने क्षेत्र में चाकू लहराकर लोगों को डराने-धमकाने वाले एक आदतन बदमाश को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार धारा 111 बीएनएस एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत आरोपी राजू बंजारे उर्फ राजू पठान, पिता जवाहर बंजारे, उम्र 28 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 7 अभनपुर को गिरफ्तार किया गया है। 1 फरवरी को दोपहर में मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी बजरंग चौक अभनपुर में हाथ में तेज धारदार चाकू लेकर लोगों को भयभीत कर रहा है। सूचना पर थाना अभनपुर पुलिस द्वारा तत्काल घेराबंदी कर आरोपी को मौके से पकड़ा गया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से लोहे का धारदार बटनदार चाकू बरामद किया गया। बताया गया कि आरोपी पूर्व में हत्या एवं लूट जैसे गंभीर अपराधों में संलिप्त रहा है तथा हाल ही में जेल से जमानत पर रिहा हुआ था। पुलिस को देखकर उसका एक साथी राज रात्रे मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश जारी है।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## केंद्रीय बजट पर राजनीतिक पार्टियों के नेताओं की प्रतिक्रिया

# भाजपा नेताओं ने कहा- छत्तीसगढ़ का रखा गया विशेष ध्यान, कांग्रेस नेता बोले- कुछ नहीं मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

*केंद्रीय बजट को प्रदेश के मंत्रियों और भाजपा नेताओं ने ऐतिहासिक बताते हुए कहा, बजट में छत्तीसगढ़ का विशेष ध्यान रखा गया है। छत्तीसगढ़ को बजट में क्या-क्या सौगात दी गई है, इसकी पूरी जानकारी का उल्लेख प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने किया है। दूसरी तरफ कांग्रेस के नेताओं ने बजट को निराशाजनक बताते हुए कहा, छत्तीसगढ़ की हमेशा की तरह की केंद्र सरकार ने उपेक्षा की है और छत्तीसगढ़ को बजट में कुछ नहीं दिया गया है।*

### छत्तीसगढ़ का विशेष ध्यान रखा गया : अरुण साव



प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने बजट में छत्तीसगढ़ का विशेष ध्यान रखे जाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार जताते हुए कहा, छत्तीसगढ़ के लिए इस बजट की सबसे महत्वपूर्ण घोषणा जनजातीय समुदायों के स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे से जुड़ी है। केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ सहित 8 राज्यों में जनजातीय स्वास्थ्य वेधशालाएं स्थापित करने का निर्णय लिया है। बस्तर और सरगुजा जैसे क्षेत्रों में पीवीटीजी बस्तियों को जोड़ने के लिए सड़क निर्माण हेतु अतिरिक्त बजटीय आवंटन किया गया है। राज्य के जनजातीय स्कूलों में खेल सुविधाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर का बनाने के लिए वार्षिक रूप से खेल हब विकसित किए जाएंगे। राज्य में खनिज परिवहन और यात्री सुविधाओं के विस्तार के लिए रेलवे को प्राथमिकता दी गई है। श्री साव ने कहा, धान के कटोरे के रूप में प्रसिद्ध छत्तीसगढ़ के किसानों के लिए केंद्र और राज्य की साझा योजनाओं पर भी जोर है। इसी प्रकार छत्तीसगढ़ के ग्रामीण इलाकों में 8 लाख से अधिक प्रधानमंत्री आवास के निर्माण के लिए केंद्रीय सहायता का हिस्सा बढ़ाया गया है। राज्य के किसानों को डिजिटल रजिस्ट्री से जोड़ने के लिए डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन को यहां तेजी से लागू किया जाएगा। दुर्लभ खनिजों पर सीमा शुल्क में कटौती का सीधा लाभ छत्तीसगढ़ के खनन उद्योगों को मिलेगा, जिससे राज्य में निवेश की संभावनाएं बढ़ेंगी।

### विकसित भारत की दिशा में अहम कदम : किरण देव



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कहा, यह बजट विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में एक अहम कदम है जिसमें समावेशी विकास पर विशेष जोर दिया गया है। बजट में सरकार ने मुख्य रूप से कर सुधारों, विनिर्माण और तकनीक पर जोर दिया है। मध्यम वर्ग के लिए व्यक्तिगत आयकर स्लैब में बदलाव कर नई आयकर व्यवस्था को और अधिक आकर्षिक बनाने पर जोर दिया गया है। बजट में छत्तीसगढ़ के विकास के लिए कई रणनीतिक प्रावधान किए गए हैं। चूंकि छत्तीसगढ़ एक खनिज संपन्न और जनजातीय बहुल राज्य है, इसलिए केंद्र सरकार का ध्यान यहां की कनेक्टिविटी, जनजातीय कल्याण और औद्योगिक विकास पर केंद्रित है।

### हर समुदाय को दिया अवसर : सरोज पांडेय



भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. सरोज पाण्डेय कहा, केन्द्रीय बजट में रिफॉर्म ओवर रेटॉरिक के मार्गदर्शक सिद्धांत के तहत सरकार ने देश की संभावनाओं को प्रदर्शन में बदलने के लिए तीन पवित्र कर्तव्य तय किए हैं। उत्पादकता और ग्लोबल कॉम्पिटिटिवनेस बढ़ाकर आर्थिक विकास को तेज और टिकाऊ बनाना, जनता की आकांक्षाओं को पूरा करना, उन्हें समृद्धि का मजबूत भागीदार बनाना, और सबका साथ, सबका विकास के विजन को साकार करना ताकि हर क्षेत्र और समुदाय को अवसर मिले।

### एक्सीडेंट क्लेम को कर मुक्त करना बड़ा फैसला: केदार कश्यप



प्रदेश के परिवहन मंत्री केदार कश्यप ने बजट में मोटर एक्सीडेंट क्लेम से जुड़े ब्याज को आयकर से पूर्णतः मुक्त किए जाने तथा उस पर टीडीएस समाप्त करने के ऐतिहासिक निर्णय का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ जैसे राज्य में, जहां ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में सड़क दुर्घटनाओं के मामले सामने आते हैं, पीड़ित परिवारों को मुआवजा प्राप्त करने में लंबा समय लग जाता है। इस दौरान मुआवजे पर मिलने वाला ब्याज उनके लिए एक महत्वपूर्ण आर्थिक सहारा होता है, लेकिन अब तक उस पर कर एवं टीडीएस की कटौती से उन्हें वास्तविक लाभ नहीं मिल पाता था।

### छत्तीसगढ़ के लिए बड़ी सौगातें : बृजमोहन



सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, खनिज संपन्न और जनजातीय बहुल राज्य छत्तीसगढ़ के लिए बजट में कई दूरगामी घोषणाएं की गई हैं। छत्तीसगढ़, ओडिशा और केरल में माइनिंग कॉरिडोर विकसित किए जाएंगे। इससे कोयला, लौह अयस्क और बॉक्साइट क्षेत्रों में कनेक्टिविटी मजबूत होगी, परिवहन लागत घटेगी और औद्योगिक निवेश बढ़ेगा। छत्तीसगढ़ सहित 8 राज्यों में जनजातीय स्वास्थ्य वेधशालाओं की स्थापना और जनजातीय स्कूलों में स्पोर्ट्स हब विकसित करने का प्रस्ताव सामाजिक विकास को नई दिशा देगा। उन्होंने कहा कि एक ही वर्ष में छत्तीसगढ़ को 52,000 करोड़ का केंद्रीय सहयोग मिलना, मोदी सरकार के छत्तीसगढ़ के प्रति प्रेम और विकास के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह राशि पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 4,500 करोड़ अधिक है, जिससे राज्य में विकास की रफ्तार और तेज होगी।

### अपार अवसरों का राजमार्ग: अखिलेश सोनी



भाजपा प्रदेश महामंत्री अलिखेश सोनी ने कहा, यह बजट अपार अवसरों का राजमार्ग है। यह बजट वर्तमान के सपनों को साकार करता है। भारत जिस रिफॉर्म्स पर सवार है, बजट से उसे नई गति मिलेगी। इस बजट में नारियल, काजू कोको की पैदावार वाले किसानों को प्राथमिकता दी गई है। मिशन 2047 को लेकर सरकार का विजन स्पष्ट है। मोदी सरकार हर वर्ग के लिए कार्य कर रही है। जिसमें युवाओं को अधिक प्राथमिकता दी जा रही है। विकसित भारत की परिकल्पना पूरी होगी।

### बजट में छत्तीसगढ़ की उपेक्षा: दीपक बैज




प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, बजट देश की जनता को निराश करने वाला तथा कारपोरेट घरानों को समर्पित बजट है। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार के लिए बजट में कुछ नहीं है। छत्तीसगढ़ की एक बार फिर उपेक्षा हुई है। डबल इंजन की सरकार ने छत्तीसगढ़ को ठगा है। छत्तीसगढ़ के कोयला और खनिज संसाधनों के दोहन के लिए कोरिडोर बनाने की बात की गई है, लेकिन छत्तीसगढ़ के विकास के लिए राज्य को कुछ नहीं मिला। देश की सर्वाधिक कोयला, आयरन ओर, बाक्साईट देने वाले छत्तीसगढ़ की इस बार भी मोदी सरकार ने उपेक्षा किया है। महंगाई कम करने, नए रोजगार सृजन और करों को छूट देने में यह बजट नाकाम साबित हो गया है। बजट से युवा और छोटे व्यापारी निराश हुए है।

### विकास रुकेगा, रोजगार घटेगा : सुशील शुक्ला



प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, इस बजट ने देश की जनता को निराश किया है। बजट से देश का विकास रुकेगा, रोजगार घटेगा। यह बजट बताता है कि मोदी सरकार के आने वाले साल भी देश की जनता के लिए अच्छा नहीं रहने वाला, बजट में कोई भी दूरदर्शिता नहीं दिख रही। युवा, किसान, मजदूर, महिला सभी इस बजट से खुद को ठगा महसूस कर रहे है। देश के युवा तो अब रोजगार की उम्मीद भी छोड़ चुके हैं देश की कार्यशक्ति में महिलाओं की भागीदारी लगातार घटती जा रही है किसानों की आय दुगुनी करने की गारंटी दी थी लेकिन किसानों की आमदनी लगातार कम होती जा रही है और कर्ज का बोझ लगातार बढ़ता जा रहा है और लगातार किसानों की आत्महत्या की खबर आ रही है।

### हस्तशिल्प क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा : अशोक बजाज



भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं भाजपा प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज ने कहा, इस बजट के माध्यम से सरकारी समितियां व संस्थाओं को सशक्त बनाकर सरकार से समृद्धि लाने का प्रयास हुआ है , साथ ही साथ ग्रामीण रोजगार व आजीविका योजनाओं को फोकस किया गया है। उन्होंने महात्मा गांधी ग्राम स्वराज योजना लागू करने का स्वागत करते हुए कहा कि इस योजना से खादी, हाथ करघा और हस्तशिल्प क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा।

### सभी वर्गों पर दिया ध्यान : डॉ. नवीन मार्कण्डेय



भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ. नवीन मार्कण्डेय ने कहा, यह बजट सभी वर्गों के विकास के लिए सदन में प्रस्तुत किया गया है। जिसमें सभी वर्गों पर फोकस किया गया है। उन्होंने कहा कि सनराइज सेक्टर को जिस मजबूती के साथ महत्व दिया है वह अहम है। रेयर अर्थ कॉरिडोर, क्रिटिकल मिनिरल्स पर बल, टैक्सटाइल, हाईटेक टूल मैनुफैक्चरिंग जैसी चीजें भविष्य और वर्तमान की जरूरतों का ध्यान रखती हैं।

### सीएम साय ने भाजपा नेताओं के साथ देखा ठाकरे परिसर में बजट का सीधा प्रसारण



भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा सदन में प्रस्तुत केंद्रीय बजट का मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भाजपा प्रदेश पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ता के बड़ी स्क्रीन पर सीधा प्रसारण देखा। इस दौरान क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल, प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी, डॉ. नवीन मार्कंडेय, प्रदेश कोषाध्यक्ष राम गर्ग, विधायक सुनील सोनी, पुरंदर मिश्रा, प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज, प्रदेश सह कार्यालय मंत्री प्रीतेश गांधी, प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विजय शंकर मिश्रा, नलिनीश ठोकने, जिला अध्यक्ष रायपुर शहर रमेश सिंह ठाकुर सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### स्थानीय युवाओं को मिलेगा रोजगार: लखन देवांगन



वाणिज्य, उद्योग, सार्वजनिक उपक्रम एवं श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने कहा, यह बजट छत्तीसगढ़ के औद्योगिक, कृषि और ग्रामीण विकास को नई गति देने वाला सिद्ध होगा। उन्होंने कहा, आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य के अनुरूप औद्योगिक क्लस्टरों को पुनर्जीवित करने के लिए 2 हजार करोड़ रुपए के प्रावधान से राज्य में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों को सशक्त किया जाएगा, जिससे स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।श्री देवांगन ने कहा, बैंकिंग क्षेत्र में सुधार, आर्थिक ऋण गारंटी और कर प्रक्रियाओं के सरलीकरण से राज्य के उद्यमियों, व्यापारियों और स्टार्टअप्स को पूंजी तक आसान पहुंच मिलेगी, जिससे उद्योग-हितैषी वातावरण बनेगा।

### खनिज आधारित उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा : धरमलाल कौशिक



पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने कहा, बजट में तीन राज्यों छत्तीसगढ़, ओडिशा और केरल के लिए माइनिंग कॉरिडोर विकसित करने का ऐलान किया है जिससे खनिज आधारित उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। इसके साथ ही सभी राज्यों के सभी जिलों में छात्राओं के लिए गर्ल्स हॉस्टल बनाने की योजना रखी गई है जिससे हर जिले में गर्ल्स हॉस्टल बनाने से छत्तीसगढ़ की लड़कियों को एस्ट्रोफिजिक्स, एस्ट्रोनॉमी, मेडिसिन और इंजीनियरिंग जैसे मुश्किल फील्ड्स में आगे बढ़ने का मौका मिलेगा।

### राज्य के 32 स्टेशनों का होगा कायाकल्प : संतोष पाण्डेय



भारतीय जनता पार्टी के मुख्य प्रवक्ता व सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा, छत्तीसगढ़ में अमृत स्टेशन योजना के तहत रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर सहित राज्य के 32 स्टेशनों के कायाकल्प का कार्य अगले वित्तीय वर्ष में और गति पकड़ेगा। इसी प्रकार किसानों के लिए भारत-विस्तार नामक बहुभाषी एआई टूल लॉन्च किया गया है, जो छत्तीसगढ़ी और अन्य स्थानीय भाषाओं में कृषि संबंधी सलाह देगा। राज्य की ग्राम पंचायतों में यूपीआई और डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। आधारभूत अधोसंरचना विकास पर सरकार के छः गुना वृद्धि किए जाने का लाभ छत्तीसगढ़ को भी मिलेगा।


## खबर संक्षेप



### लॉलीपॉप बांटकर बजट का विरोध

**रायपुर।** यूथ कांग्रेस द्वारा लॉलीपॉप बांटकर बजट का विरोध किया गया। प्रदेशाध्यक्ष आकाश शर्मा के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन में कार्यकर्ताओं ने भाजपा नेताओं का मुखौटा पहनकर आम लोगों को लॉलीपॉप बांटे और नारे लगाए। जयस्तंभ चौक में यह प्रदर्शन हुआ। इस दौरान गुलिया अहमद, आदिल आलम खैरानी, सतीश ठाकुर, फहीम शेख, अपराजीत तिवारी, अर्जुन श्रीवास्तव सहित मौजूद रहे।

### महेश बने वाहन चालक संघ के अध्यक्ष



**रायपुर।** जनसंपर्क विभाग के वाहन चालक महेश कुमार साहू को विभागीय वाहन चालक संघ के अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति पर छत्तीसगढ़ प्रदेश शासकीय-अर्धशासकीय वाहन चालक व यांत्रिकी कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष ताराचंद साहू सहित पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 7 फरवरी को करेंगी 'बस्तर पंडुम' महोत्सव का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 7 फरवरी को एक दिवसीय दौरे पर छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले के जगदलपुर आएंगी। अपने दौरे के दौरान राष्ट्रपति छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा आयोजित 'बस्तर पंडुम' महोत्सव का उद्घाटन करेंगी। वे जगदलपुर के लालबाग मैदान में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगी। राष्ट्रपति महोत्सव स्थल पर बस्तर पंडुम के अंतर्गत लगाए गए विभिन्न प्रदर्शनी स्टॉलों का निरीक्षण करेंगी। वे बस्तर की पारंपरिक हस्तशिल्प, जनजातीय कलाओं, लोक वेशभूषा एवं स्थानीय उत्पादों का अवलोकन करेंगी तथा कलाकारों और शिल्पकारों से संवाद करेंगी। इसके बाद राष्ट्रपति मुख्य समारोह में भाग लेंगी, जहां छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा आयोजित 'बस्तर पंडुम 2026' महोत्सव का औपचारिक उद्घाटन किया जाएगा। कार्यक्रम में बस्तर पंडुम पर आधारित एक लघु फिल्म का प्रदर्शन किया जाएगा।

■ **जगदलपुर के लालबाग मैदान में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेंगी**

### आदिवासी लोकनृत्य और पारंपरिक वाद्ययंत्रों की प्रस्तुति

समारोह के दौरान बस्तर की समृद्ध जनजातीय संस्कृति पर आधारित पारंपरिक आदिवासी नृत्य, लोकगीत एवं पारंपरिक वाद्ययंत्रों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। राज्य के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा राज्यपाल रमेन डेका इस अवसर पर संबोधित करेंगे। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू उपस्थित जनसमूह को संबोधित करेंगी। कार्यक्रम के समापन के बाद राष्ट्रपति जगदलपुर से रायपुर होते हुए नई दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगी।

# अतिथि व्याख्याताओं की सेवा शर्तों में सुधार के लिए राज्यपाल को ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ मूल निवास अतिथि व्याख्याता कल्याण संघ के प्रतिनिधिमंडल ने अध्यक्ष डॉ. लव कुमार वर्मा के नेतृत्व में राज्यपाल रमेन डेका से राजभवन में मुलाकात की। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश के शासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों में कार्यरत अतिथि व्याख्याताओं की सेवा शर्तों में सुधार एवं वर्तमान व्यवस्था में व्याप्त समस्याओं के निराकरण के संबंध में ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में अतिथि व्याख्याताओं की नियुक्ति प्रक्रिया, कार्यकाल की अस्थिरता, अल्प मानदेय, समय पर भुगतान न होने जैसी समस्याओं की ओर राज्यपाल का ध्यान आकर्षित कराया। साथ ही अतिथि व्याख्याताओं को नियमित सेवा से जोड़ने, न्यूनतम मानदेय सुनिश्चित करने एवं स्थायी नीति निर्माण तथा शैक्षणिक सत्र की निरंतरता बनाए रखने की मांग की गई। राज्यपाल रमेन डेका ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित विभागों को सकारात्मक पहल के लिए निर्देश देने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश अध्यक्ष डॉ. लव कुमार वर्मा, महेंद्र कुमार साहू सहित अन्य सदस्य शामिल रहे।

■ **डॉ. लव कुमार वर्मा के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने राज्यपाल रमेन डेका से की मुलाकात**

# कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी की ब्लॉक एवं मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक पुराने कांग्रेस भवन गांधी मैदान में आयोजित की गई। बैठक को प्रदेश कांग्रेस महामंत्री एवं मनरेगा बचाओ समिति के सदस्य अमरजीत चावला ने संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने पर विशेष बल दिया।

उन्होंने कहा, आगामी चुनौतियों का सामना करने के लिए कार्यकर्ताओं की एकजुटता और सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे कहा, वर्तमान में पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का सहयोग सराहनीय है, जिससे आने वाले समय में सकारात्मक और निर्णायक परिणाम अवश्य प्राप्त होंगे। कार्यकर्ताओं ने संगठनात्मक गतिविधियों को और तेज करने का संकल्प लिया गया। मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत गांव-गांव पहुंचकर श्रमिकों से संपर्क करना है। जहां मनरेगा का काम चल रहा है, वहां जाएं और जहां नहीं चल रहा, वहां भी जाकर मुद्दे उठाएं।

■ **मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत गांव-गांव पहुंचेंगे कांग्रेस कार्यकर्ता**

### जमीनी स्तर पर जाएंगे : बैज

पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने कार्यकर्ताओं से कहा, हम जमीनी स्तर पर जाएंगे और कांग्रेस के रीति-नीति एवं विचारों को जन-जन तक पहुंचाएंगे। रायपुर जिले की सभी सीटों पर कांग्रेस की जीत सुनिश्चित करने के लिए हमें पूरे प्रयास से आगे बढ़ना होगा। कांग्रेस का यह कदम संगठन में निष्क्रियता तोड़ने और पुराने ढांचे में नई सक्रियता लाने की कोशिश है।

### कांग्रेस नेताओं को संगठन की जिम्मेदारी

कांग्रेस संगठन आगामी राजनीतिक चुनौतियों को देखते हुए अपनी रणनीति में बदलाव के संकेत दे रहा है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, जनता के सीधे संपर्क में रहने वाले नेताओं को संगठनात्मक जिम्मेदारियां सौंपने की तैयारी की जा रही है। इसे कांग्रेस की जमीनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। संगठनात्मक बैठक में ऐसे नेताओं को विशेष दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं, जो पहले ही चुनावी मैदान में उतर चुके हैं।

### विश्व वेटलैण्ड दिवस आज

**रायपुर।** प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी 2 फरवरी 2026 को विश्व वेटलैण्ड दिवस मनाया जाएगा। इस वर्ष की थीम 'वेटलैंड्स एंड ट्रेडिशनल नालेज- सेलेब्रेटिंक कल्चर हेरिटेज' (वेटलैण्ड्स और पारंपरिक ज्ञान- सांस्कृतिक विरासत का उत्सव) निर्धारित की गई है। इस थीम का उद्धेश्य वेटलैण्ड्स और उनसे जुड़े स्थानीय समुदायों की सांस्कृतिक परंपराओं के महत्व को उजागर करना है।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-18, कांदुल तहसील व जिला रायपुर छ.ग.**

**आम सूचना**

जारी दिनांक- 19.01.2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम-बोरियाकला प.ह.न.-81 रा.नि.मं-रायपुर-18 तहसील व जिला-रायपुर छ.ग. में **आवेदिका श्रीमती कचरा बाई पति श्री गणेश राम वगैरह निवासी बोरियाकला रायपुर छ.ग.** द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि **खसरा नंबर 1614/3 रकबा 0.4610 हे.** भूमि का सीमांकन हेतु आवेदन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र.-/ क / वाचक / तहसीलदार / 2025 रायपुर दिनांक 02/06/2025 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन दिनांकः- **09/02/2026** को किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आस-पास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय के पूर्व पटवारी कार्यालय में एवं उक्त तिथि व समय को आवेदित स्थल पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा/आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन उपरांत कोई भी दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी। सो सूचना जाने।

**राजस्व निरीक्षक, रायपुर-18 कांदुल**

# धान के बदले दलहन-तिलहन उगाने में किसानों की दिलचस्पी नहीं, ढाई हजार से भी कम ने बदली फसल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में राज्य सरकार ने धान उत्पादक किसानों को दलहन तिलहन की उपज लेने के लिए कृषक उन्नति योजना बनाकर प्रति एकड़ 11 हजार रुपए आदान सहायता राशि देने की पेशकश की थी, लेकिन राज्य के किसानों को अपनी खेती के परंपरागत तरीकों में बदलाव को स्वीकार नहीं किया है। पूरे छत्तीसगढ़ से केवल 2 हजार 445 किसानों ने ही दलहन तिलहन की ओर रुख किया है। छत्तीसगढ़ सरकार ने किसानों को फसल विविधीकरण के लिए प्रोत्साहित करने हेतु 'कृषक उन्नति योजना' की शुरुआत की है।

■ **प्रति एकड़ 11 हजार रुपए देने की घोषणा की थी सरकार ने**

### 13 जिलों में 10 से कम किसानों ने बदली फसल

राज्य सरकार की कृषक उन्नति योजना में उन किसानों को शामिल करने की योजना थी जिन्होंने पिछले सीजन में धान उत्पादक किसान के रूप में अपना पंजीयन कराया और बेचा था। इन किसानों का दलहन तिलहन के लिए पंजीयन एकीकृत किसान पोर्टल पर पंजीयन किया गया था। जनवरी के अंत तक की स्थिति में पंजीकृत किसानों की कुल संख्या मात्र 2445 तक पंहुच पाई है। लेकिन खास बात ये है राज्य के 33 में से 14 जिलों में फसल बदलने के लिए 10 से भी कम किसान तैयार हो पाए। इनमें बीजापुर,दंतेवाड़ा, नारायणपुर, सुकमा, गौरेला- पेंड्रा-मरवाही, जांजगीर चांपा, कोरबा, बालोद, मोहला-मानपुर- अंबागढ़ चौकी, बलौदाबाजार, रायपुर, कोरिया,और मनेंद्रगढ़- चिरमिरी-भरतपुर शामिल है।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

CREDAI
CHHATTISGARH

# जनभावनाओं के अनुरूप काम करने वाली प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सरकार



**श्री विष्णु देव साय जी**
माननीय मुख्यमंत्री
छत्तीसगढ़ शासन

**श्री ओपी चौधरी जी**
माननीय वित्त मंत्री
छत्तीसगढ़ शासन

## जमीन की गाइडलाइन दरों को कम कर रियल एस्टेट कारोबार की प्रगति का मार्ग प्रशस्त करने के लिए जनहितैषी छत्तीसगढ़ सरकार का हृदय से

# आभार धन्यवाद

MAHESHWARI

CREDAI
CHHATTISGARH

**पंकज लाहोटी**
प्रेसिडेंट

**मृणाल गोलछा**
चेयरमेन

**अभिषेक बच्छावत**
सेक्रेटरी एवं प्रेसिडेंट इलेक्ट

# हवा में आंबेडकर अस्पताल का आईवीएफ सेंटर, घोषणा, प्रस्ताव के बाद ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की घोषणाओं के बीच आंबेडकर अस्पताल का आईवीएफ सेंटर सिमटकर रह गया है। राज्य शासन ने अपने पिछले बजट में इसके लिए दस करोड़ का प्रावधान किया, मगर काम अब तक शुरू नहीं हो पाया है। आईवीएफ सेंटर का निर्माण आर्थिक रूप से कमजोर दंपती को संतान सुख की प्राप्ति के लिए किया जाना था। अस्पताल प्रबंधन द्वारा आवश्यक निर्माण सहित जरूरी उपकरणों की सूची बनाकर विभाग को भेज दी गई जो दस माह बाद भी ठंडे बस्ते से बाहर नहीं आया।

शासकीय स्तर पर आईवीएफ अथवा एआरटी सेंटर की सुविधा शुरू नहीं होने की वजह से निजी हास्पिटलों जाकर लाखों रुपए खर्च करना निसंतान दंपती की मजबूरी है।

## शासकीय स्तर पर सुविधा नहीं, निजी हास्पिटलों में लाखों खर्च करना मजबूरी

### एम्स में इसी माह शुरू होने की संभावना

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में इसी माह आईवीएफ सुविधा शुरू होने की संभावना है। अस्पताल प्रबंधन द्वारा इसके लिए तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा चुका है। राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए एम्स सबसे बड़ा सेंटर हैं जिसका संचालन केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा किया जाता है। राज्य में सबसे बड़े अस्पताल का दर्जा आंबेडकर हास्पिटल को दिया जाता है जहां इस सुविधा की शुरुआत घोषणाओं में सिमटा हुआ है। अस्पताल प्रबंधन इसके माध्यम से इलाज शुरू करने शासकीय स्तर पर काम शुरू होने का इंतजार कर रहा है।



### प्रस्ताव भेजा जा चुका

जरूरतों के हिसाब से एआरटी सेंटर बनाने आवश्यक उपकरणों सहित अन्य संसाधनों का प्रस्ताव कालेज प्रबंधन के माध्यम से शासन को भेजा जा चुका है। इसकी सुविधा शुरू होने से जरूरतमंद मरीजों को इसका लाभ मिल सकेगा।

- डा. ज्योति जायसवाल, विभागाध्यक्ष, स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग, आंबेडकर अस्पताल

### दस फीसदी को समस्या

चिकित्सकों के मुताबिक करीब दस फीसदी दंपत्ति ऐसे होते हैं जो अलग-अलग कारणों से संतान सुख नहीं ले पाता है। ऐसे में उनके पास आईवीएफ जैसी आधुनिक सुविधाओं के जरिए संतान प्राप्ति का रास्ता होता है। निजी सेक्टर में ऐसे की सेंटर कार्यरत है मगर शासकीय स्तर पर यह सुविधा शुरू होने से अधिकांश जरुरतमंद इसका फायदा प्राप्त कर सकते हैं। डॉक्टरों के अनुसार आंबेडकर अस्पताल में हर माह 10 से 20 महिलाएं आती हैं जो मां नहीं बनने पर आईवीएफ तकनीक अपनाना चाहती हैं।

जानकारों का कहना कि शासकीय स्तर पर यह सुविधा शुरू होने से उन्हें भी इसका लाभ मिल सकता है जो आर्थिक रूप से कमजोर है। शासकीय स्तर पर आधुनिक स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने के लिए राज्य शासन द्वारा पिछली बजट में आंबेडकर अस्पताल से स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में आईवीएफ सेंटर प्रारंभ करने की घोषणा की थी। इसके लिए उस दौरान दस करोड़ का प्रावधान भी किया गया था और विभिन्न 9 पदों पर भर्ती को मंजूरी भी दी गई थी। घोषणा के बाद अस्पताल प्रबंधन द्वारा इस सुविधा को प्रारंभ करने के लिए जरूरी उपकरण और अन्य निर्माण संबंधी प्रस्ताव बनाकर मेडिकल कालेज प्रबंधन के माध्यम से शासन को भिजवा दिया गया था। इसके बाद विभिन्न मंच के माध्यम से एआरटी सेंटर खोलने की घोषणा हुई और मामला ठंडे बस्ते में चला गया।

## खबर संक्षेप

### सेवानिवृत्त-अयोग्य को भी कुलपति बनाने में जुटी है सरकार : ठाकुर

**रायपुर।** कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता विवि में कुलपति नियुक्ति पर नियम बदलने पर सवाल उठाते हुए प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि पत्रकारिता विश्वविद्यालय में 11 महीने से कुलपति की नियुक्ति नहीं की जा सकी है। राज्य के बाहर से एवं संघ से जुड़े कुलपति बनाने नियुक्ति नियम में बदलाव किया गया। दो बार विज्ञापन जारी करने के बाद रद्द कर दिया गया। उन्होंने आरएसएस पर तंज कसते हुए कहा, भाजपा को संघ का कुलपति बनाना ही है तो कम से कम कुलपति के लिए ऐसा व्यक्ति ढूंढ ले, जो विज्ञापन में उल्लेखित आवश्यक अर्हता पूरी करता हो। पत्रकारिता विवि में राज्य सरकार ने दिल्ली के प्रो. वीरेंद्र कुमार भारती को कुलपति नियुक्त करने की पूरी तैयारी कर ली है, जबकि यह व्यक्ति मात्र 5 वर्ष ही प्राध्यापक रहा है और आज की स्थिति में सेवानिवृत्त हो चुका है।

### गुरुकुल शिक्षा को मिले बढ़ावा

**रायपुर।** वैदिक घनाद संस्थान के यज्ञाचार्य कमलेश मिश्रा ने कहा है



कि गुरुकुल शिक्षा को देश-दुनिया में बढ़ावा मिलना चाहिए। इसके लिए वैदिक संस्कृति का भावी पीढ़ी में प्रचार व प्रसार करने की जरूरत है। हमारे धर्मगुरु इस दिशा में प्रयास कर रहे हैं। सनातन संस्कृति का 30 वर्षों से देश-विदेश में प्रचार-प्रसार कर रहे यज्ञाचार्य कमलेश मिश्र ने रविवार को प्रेस क्लब सभागार में पत्रकार वार्ता के दौरान ये बातें कही। पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि वैदिक संस्कार एवं संस्कृत, यज्ञ, अनुष्ठान, सत्संग, ज्योतिष शास्त्र, वास्तुशास्त्र को लेकर भारत ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी कई तरह के आयोजन किए जा रहे हैं।

## निधन

### अनीता सोनी

**रायपुर।** मोवा कॉलोनी निवासी



अनीता सोनी का 1 फरवरी को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 2 फरवरी को सुबह 10 बजे उनके निवास स्थान से देवेंद्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे राधेश्याम सोनी की पुत्री और कमलेश सोनी की बहन थीं।

### जहुरा देवी यदु

**रायपुर।** पुरानी बस्ती सरस्वती चौक



निवासी जहुरा देवी यदु (92) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 1 फरवरी को मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे दसरू, रामदयाल और गोपाल प्रसाद यदु एवं लता रमेश यदु की माता थीं। उनके निधन पर ठेठवार यादव समाज और रायपुर शहर के प्रबुद्धजनों ने श्रद्धांजलि अर्पित की है।

### रामचंद्र सचदेव

**रायपुर।** तेलीबांधा निवासी रामचंद्र



सचदेव का 1 फरवरी को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 2 फरवरी को सुबह 11 बजे उनके निवास स्थान से तेलीबांधा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे स्व. शत्रुघन सचदेव के पुत्र और नवीन सचदेव के पिता थे।

## महापौर बनते ही दोहरा मापदंड, बिफरे कांग्रेसी, मरीन ड्राइव के सामने महापौर मुर्दाबाद के लगाए नारे

# चार साल पहले जिस पार्किंग का विरोध कर ठेका रद्द कराया, अब वहीं से शुल्क वसूली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

शहर में 4 साल पहले जिस जगह पार्किंग का ठेका रद्द कराने भाजपा की तात्कालीन नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे ने पार्षदों के साथ सड़क पर उतरकर कांग्रेसी महापौर के खिलाफ नारेबाजी और प्रदर्शन किया था, उन्होंने ही तेलीबांधा तालाब के मुख्य मार्ग की उसी सड़क के किनारे गाड़ी पार्क करने पर पार्किंग शुल्क वसूलने का बोर्ड लगवा दिया। इस आदेश से शहरवासी जहां हैरान है। विपक्षी दल कांग्रेस ने इसे जनविरोधी फैसला बताते हुए इसके विरोध में रविवार को मरीन ड्राइव पर जमकर प्रदर्शन किया। महापौर मुर्दाबाद के नारे लगाए गए। तेलीबांधा सड़क किनारे गाड़ियां पार्क करने पर दुपहिया वाहन चालक से 10 रुपए और चौपहिया वाहन से 20 रुपए पार्किंग शुल्क लिया जाएगा। निगम का दावा है, इससे यातायात व्यवस्था सुधरेगी। जबकि आम जनता को इस बात की चिंता खाए जा रही है कि सुबह-शाम की ताजी हवा में टहलने और बैठने के भी पैसे देने होंगे।

दरअसल पूर्व महापौर एजाज ढेबर के कार्यकाल में तेलीबांधा तालाब के सामने मरीन ड्राइव पर पार्किंग शुल्क लेने की व्यवस्था रखी गई। 2021-22 में इसके लिए निगम की ओर बकायदा टेंडर निकाला गया। टेंडर के बाद नगर निगम की तत्कालीन नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे ने भाजपा पार्षदों के साथ इस फैसले का जोरदार विरोध करते हुए सड़क पर उतरकर पूरी दमदारी से प्रदर्शन किया। हालांकि बाद में इस फैसले को वापस ले लिया गया। अब वही काम भाजपा के सत्ता में आते ही उनकी पार्टी से महापौर चुनी गईं मीनल चौबे कर रही है।



तेलीबांधा तालाब किनारे गाड़ी रखने पर देना होगा पार्किंग शुल्क, मार्निंग वॉक वालों को छूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

व्यवस्था बनाने शुल्क

### महापौर का ये है कहना

तेलीबांधा तालाब किनारे अव्यवस्थित सड़क यातायात को सुव्यवस्थित बनाए रखने यह व्यवस्था बनाई जा रही है। रेस्टारेंट या होटल में घंटों समय बिताने और वाहन अव्यवस्थित खड़ी करने वालों से पार्किंग शुल्क लेना जायज है, यह मुनाफे के लिए कतई नहीं। मार्निंग और ईवनिंग वॉक करने वालों से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा।

### तेलीबांधा पार्किंग के विरोध में कांग्रेस का धरना



शहर जिला कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर रविवार को कांग्रेसियों ने राजधानी के जीई रोड स्थित तेलीबांधा तालाब किनारे सड़क पर पार्किंग का विरोध किया। शहर जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर के अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने मरीन ड्राइव के व्यवसायीकरण के खिलाफ नारेबाजी की। धरना-प्रदर्शन में शहर अध्यक्ष श्रीकुमार मेनन, पूर्व महापौर प्रमोद दुबे, एजाज ढेबर, पूर्व ग्रामीण अध्यक्ष पंकज शर्मा, पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा, पार्षद आकाश तिवारी, पूर्व एमआईसी सदस्य अजीत कुकरेजा, मिलिंद गौतम सहित अन्य पदाधिकारी शामिल रहे। इस मौके पर श्रीकुमार मेनन ने कहा, तेलीबांधा तालाब के सामने पार्किंग बनाकर अवैध वसूली के लिए नई व्यवस्था की जा रही है।

### मात्र इससे ही नहीं सुधरेगी व्यवस्था : जवाहर खन्ना

छत्तीसगढ़ पंजाबी सनातन सभा के अध्यक्ष जवाहर खन्ना का कहना है, तेलीबांधा तालाब के सड़क किनारे गाड़ी पार्क करने वालों से पार्किंग शुल्क लेने मात्र से व्यवस्था सुधरेगी, इसमें



संशय है। सार्वजनिक स्थानों पर पार्किंग वाले ठेकेदारों की दादागिरी सर्वविदित है, चाहे रेलवे स्टेशन हो, बस स्टैंड हो या मेकाहारा अस्पताल का पार्किंग परिसर। मरीन ड्राइव में पार्किंग ठेका दिया तो यहां भी वही हाल, कुल मिलाकर जनता ही पिसेगी। मरीन ड्राइव विकसित करते समय पार्किंग के लिए जगह ही नहीं छोड़ी। रोड पर तो पार्किंग का बोर्ड नहीं लगा सकते।

### अमानवीय पराकाष्ठा : गजेन्द्र चंद्राकर, वैज्ञानिक

रायपुर निवासी और इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के प्रमुख वैज्ञानिक गजेंद्र चंद्राकर का कहना है, प्राकृतिक संसाधन पर प्रथम अधिकार नागरिक का है। इसका व्यवसायीकरण



कर शुल्क लेना गलत है। तालाब के परिक्रमा पथ के आसपास चौपाटी बना दी गई है, बूढ़ातालाब का यही हाल है। लोग टहलने के लिए कहां जाएं? अब टहलने के लिए आ रहे तो गाड़ी पार्क करने पर शुल्क लेना तो अमानवीय पराकाष्ठा है। नगर निगम जनता से अन्य तरह के टैक्स लेती ही है, सड़क पर पार्किंग की व्यवस्था देकर शुल्क वसूलना सही नहीं है।

### पार्किंग शुल्क से मुक्त हो मरीन ड्राइव : हरख मालू

रायपुर सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरख मालू ये मानते हैं कि तेलीबांधा तालाब किनारे की सड़क घेरकर पार्किंग स्थल बनाने से रोड की आवाजाही कम होगी। तालाब का एक हिस्सा



पूरी तरह कमर्शियल हो चुका है। तालाब के आसपास ठेला, गुमटियों की भरमार है। उसे व्यवस्थित करने की जगह सुबह-शाम तालाब किनारे शुद्ध ताजी हवा में सांस लेने आने वाले लोगों से पार्किंग शुल्क लिया जाना गलत है। मरीन ड्राइव एरिया में शहरभर से लोग परिवार के साथ आते-जाते हैं, इसलिए यह एरिया पूरी तरह पार्किंग शुल्क से मुक्त होना चाहिए।

### वॉक करने वालों का अंतर कैसे करेंगे : अजीत कुकरेजा

पूर्व एमआईसी सदस्य अजीत कुकरेजा ने बताया, 5 वार्ड के लोग मरीन ड्राइव वॉक करने आते हैं। वॉक करने कौन आ रहा है, इसकी पहचान कैसे करेंगे? हमारे समय में भी कलेक्टर की अध्यक्षता वाली समिति ने यहां



पार्किंग की व्यवस्था दी, तब इसका भारी विरोध हुआ। जिन्होंने उस समय विरोध किया, वही पार्किंग ठेका ला रहे हैं, यह नहीं चलेगा। 20 हजार वर्गफीट जगह पर चौपाटी वालों ने सिर्फ ग्राउंड फ्लोर की पार्किंग बनाई। उसके बदले वहां मल्टीलेवल पार्किंग बनाते तो मरीन ड्राइव में आने-जाने वालों को अपनी गाड़ियां सड़क पर खड़ी करने की जरूरत नहीं पड़ती।

## शराब दुकानों के 50 कर्मियों को दो माह से सैलरी नहीं

**रायपुर।** शराब दुकान में काम करने वाले कर्मी हर स्तर पर शोषण का शिकार हो रहे हैं। प्लेसमेंट एजेंसी बीआईएस शराब दुकान कर्मियों से जुर्माना वसूलने से लेकर अनुपस्थित रहने पर सैलरी में से भारी-भरकम राशि काट रही हैं। दिसंबर से लेकर जनवरी तक 50 शराब दुकान कर्मियों की मैनुअल अटेंडेंस का भुगतान नहीं किया गया है। इसके चलते शराब दुकान कर्मियों में आक्रोश है। शराब दुकान कर्मियों ने बताया है कि विरोध करने पर प्लेसमेंट एजेंसी कर्मियों को निकालने तथा ब्लैक लिस्टेड करने की धमकी देते हैं। इसके चलते शराब दुकान के कर्मचारी शोषण का शिकार होने पर भी विरोध नहीं कर पा रहे।

- कर्मियों का डेमरेज चार्ज अभी और कटेगा
- आबकारी विभाग ने डेमरेज के नाम पर प्लेसमेंट एजेंसी से 1.36 करोड़ का नोटिस थमाया

प्लेसमेंट एजेंसी बीआईएस से जुड़े विनय शर्मा के अनुसार, जिन कर्मियों का बायोमेट्रिक अटेंडेंस आईडी नहीं बना है। उनका मैनुअल अटेंडेंस लिया गया है। मैनुअल अटेंडेंस की कॉपी सीएसएमसीएल के पास भेजी गई है। सीएसएमसीएल के अफसरों द्वारा मैनुअल अटेंडेंस वाले कर्मियों की राशि अब तक स्वीकृत नहीं की गई है। इसके लिए वे विभाग के जिम्मेदारों को पत्र लिख चुके हैं। प्लेसमेंट एजेंसी के जिम्मेदार के अनुसार,जिन कर्मियों की सैलरी रोकी गई है, सीएमसीएल से राशि स्वीकृत होने के बाद उन्हें दी जाएगी।

### डैमेज चार्ज 1.36 करोड़

विनय शर्मा के अनुसार, पूर्व में जो 80 लाख रुपए डेमरेज चार्ज आबकारी विभाग ने उन पर लगाया है, उसकी राशि बढ़कर 1.36 करोड़ रुपए हो गई है। डेमरेज चार्ज के नाम पर शराब दुकान कर्मियों की सैलरी से राशि काटे जाने के सवाल पर श्री शर्मा ने बताया कि यह नियम शराब दुकान कर्मियों की सेवा-शर्त में लागू है। पूर्व में भी डेमरेज चार्ज लगाए जाने पर शराब दुकान कर्मियों की सैलरी से राशि काटी जाती थी। पूर्व में हर माह डेमरेज चार्ज लगाया जाता था। इस वजह से कर्मियों की सैलरी से राशि काटे जाने पर उन्हें ज्यादा आर्थिक बोझ नहीं होता था।

**डेमरेज चार्ज का गणित :** किसी ब्रांड की शराब निर्माण तिथि के बाद से 180 दिन तक उपयोगी मानी जाती है। इसके बाद उस ब्रांड की शराब को एक्सपायरी मान लिया जाता है। ऐसे किसी ब्रांड की शराब दुकान में पहुंचने के बाद निश्चित तिथि तक शराब को बेचना होता है। संबंधित ब्रांड की शराब एक्सपायरी हो जाती है, ऐसे में आबकारी विभाग प्लेसमेंट एजेंसी पर शराब की कीमत निर्धारण कर जुर्माना लगाता है, जिसकी भरपाई प्लेसमेंट एजेंसी शराब दुकान कर्मियों से करती है।

# हथकरघा तैयार कर रहा 60 लाख यूनिफार्म





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ के रायपुर, बस्तर और दुर्ग संभाग के सभी सरकारी स्कूलों में भी नए शिक्षा सत्र से कक्षा पहली से आठवीं तक के बच्चे अब नई यूनिफॉर्म में दिखाई देंगे। सफेद शर्ट और नीला पेंट की जगह अब कत्थे रंग की पेंट और ब्लू रंग की चेक शर्ट यूनिफॉर्म बनाई गई है। यह यूनिफॉर्म काफी आकर्षक है। इस तरह की यूनिफॉर्म अब तक निजी स्कूलों के बच्चे पहनते हैं, लेकिन अब सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं भी इस आकर्षक यूनिफॉर्म को पहन पाएंगे। इस यूनिफॉर्म को तैयार करने का ठेका छत्तीसगढ़ राज्य हथकरघा विपणन सहकारी संघ को दिया गया है। इस नई यूनिफॉर्म का वितरण प्रदेशभर के सरकारी स्कूलों में नए शिक्षा सत्र शुरू होने से पहले वितरण करना है, जिसके लिए युद्धस्तर पर हथकरघा संघ भी यूनिफॉर्म तैयार कराने में जुटा हुआ है।

- कक्षा 8वीं तक रायपुर-बस्तर, दुर्ग संभाग के स्कूलों में भी बच्चे अब नई यूनिफॉर्म में दिखेंगे

**सरगुजा-बिलासपुर में पहले से लागू :** कत्थे रंग की पेंट और ब्लू रंग की चेक शर्ट यूनिफॉर्म को पहले ही सरगुजा और बिलासपुर संभाग के सभी प्रायमरी एवं मीडिल सरकारी स्कूलों में लागू किया जा चुका है। इन दोनों संभाग के बाद अब इस यूनिफॉर्म को रायपुर, दुर्ग और बस्तर संभाग अंतर्गत सभी जिलों के स्कूलों में भी लागू किया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि हथकरघा संघ के अंतर्गत बुनकरों की पंजीकृत 329 समितियां हैं। इन सभी समितियों के माध्यम से ही यूनिफॉर्म तैयार कराया जा रहा है।

### स्कूल शुरू होने से पहले सप्लाई

नए शिक्षा सत्र के लिए प्रदेशभर के कक्षा पहली से आठवीं तक स्कूलों के लिए 60 लाख सेट नई यूनिफॉर्म तैयार किए जा रहे हैं। इसकी सप्लाई स्कूल शुरू होने से पहले कर दी जाएगी। 50 प्रतिशत से अधिक यूनिफॉर्म सेट तैयार कर लिए गए हैं, शेष भी जल्द कर लिए जाएंगे।

- एमएम जोशी, सचिव, राज्य हथकरघा विकास एवं विपणन संघ मर्यादित

### 60 लाख यूनिफॉर्म किए जा रहे तैयार

प्रदेशभर के सरकारी स्कूलों में कक्षा पहली से आठवीं तक पढ़ने वाले करीब 60 लाख छात्र-छात्राओं के लिए यूनिफॉर्म हथकरघा तैयार कर रहा है। हथकरघा संघ के अधिकारियों ने बताया कि ऑर्डर के अनुसार अब तक लगभग 50 प्रतिशत यूनिफॉर्म तैयार कर लिए गए हैं, वहीं शेष यूनिफॉर्म भी मार्च तक तैयार हो जाएंगे।

## समिति प्रबंधक ने किया साढ़े सात सौ कट्टा धान का हेरफेर

**रायपुर।** उरला थाने में धरसींवा विकासखंड, कुम्हरी कृषि शाखा सहकारी समिति के प्राधिकृत अधिकारी जागेश्वर वर्मा ने समिति प्रबंधक के खिलाफ साढ़े सात सौ कट्टा धान का हेरफेर कर सात लाख रुपए से ज्यादा रकम की गड़बड़ी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। समिति प्रबंधक ने जिस किसान के खाते में धान बिक्री चढ़ाई थी। प्राधिकृत अधिकारी ने उन दोनों किसानों तथा कंप्यूटर ऑपरेटर के बयान के आधार पर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। जागेश्वर वर्मा ने कृष्णा साहू के खिलाफ गड़बड़ी करने की थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्राधिकृत अधिकारी ने पुलिस को बताया कि किसानों की धान बिक्री की रिपोर्ट उनके आधार का सत्यापित कर ऑनलाइन एंट्री की जाती है। इसके बाद किसानों को उनके द्वारा बेचे गए धान की रकम का भुगतान ऑनलाइन संबंधित बैंकों द्वारा कर दिया जाता है। कृष्णा ने आलोक शर्मा के 104 कट्टा धान की एंट्री करते हुए धान बिक्री की रकम किसान के अकाउंट में ट्रांसफर कर दी।

- उरला थाने में समिति प्रबंधक पर अपराध दर्ज

## संत रविदास ने दलित वर्ग को जगाया, स्वाभिमान से जीना सिखाया

**रायपुर।** महान समाज सुधारक संत रविदास जयंती के अवसर पर जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के मुख्य प्रवक्ता-सामाजिक न्याय कार्यकर्ता अधिवक्ता भगवानू नायक ने कहा, आज जब समाज अनेक प्रकार की विषमताओं, ऊंच-नीच और वर्ग संघर्ष से जूझ रहा है, ऐसे में संत शिरोमणि गुरु रविदास का जीवन एवं संदेश एक मजबूत प्रकाश स्तंभ की भांति हमारा मार्गदर्शन करता है।

संत रविदास ने अपने शिक्षा-संदेश से दलित वर्ग को जगाने का काम किया और स्वाभिमान से जीना सिखाया। उन्होंने बाहरी आडंबरों, कर्मकांडों और जातिगत श्रेष्ठता के ढोंग का विरोध किया। उनका मानना था कि ईश्वर की प्राप्ति के लिए शुद्ध हृदय, निष्काम सेवा और सभी प्राणियों के प्रति प्रेम ही सच्चा मार्ग है। उन्होंने अपने पैतृक पेशे (चर्मशिल्प) को न केवल जारी रखा, बल्कि इसे ईमानदारी और गर्व के साथ अपनाकर यह सिखाया कि मेहनत से कमाई गई रोटी पवित्र है और श्रम में ही ईश्वर का वास है।

## पेज 3 के शेष

### दो साल बाद टेट, 3.23 लाख ...

इन वजहों से व्यापम की अन्य परीक्षाओं की तुलना में शिक्षक पात्रता परीक्षा में अधिक उम्मीदवार शामिल हुए। दो पाली मिलाकर आवेदन भी तीन लाख से अधिक प्राप्त हुए थे। हालांकि इनमें से कई परीक्षार्थी ऐसे थे, जिन्होंने दोनों पाली की परीक्षाओं के लिए आवेदन किया था। परीक्षा के लिए 20 जिला मुख्यालयों में कुल 1022 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। पहली पाली की परीक्षा सुबह 9:30 बजे से 12:15 बजे तक हुई। प्राथमिक कक्षाओं में अध्यापन के इच्छुक अभ्यर्थियों ने यह परीक्षा दिलाई। दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर 3 बजे से 5:45 बजे तक हुई, जिसमें कक्षा छठवीं से आठवीं के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थी शामिल हुए। पहली पाली के लिए 366 और दूसरी पाली के लिए 656 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। दोनों पाली मिलाकर 3 लाख 23 हजार 183 आवेदन आए थे।

**शिक्षा आधारित सवाल :** शिक्षक पात्रता परीक्षा होने के कारण अधिकतर सवाल शैक्षणिक प्रक्रियाओं से संबंधित रहे। इसमें वैज्ञानिक अन्वेषण के चरणों का सही क्रम, संज्ञान से तात्पर्य, नैतिक विकास के चरण, विशेष आवश्यकता वाले बच्चों से जुड़े अधिनियम, सीखने के व्यवहारवादी सिद्धांत जैसे सवाल पूछे गए। भाषा आधारित सवाल सरल रहे। परीक्षार्थियों के मुताबिक, गणित और इंग्लिश के सवाल अपेक्षाकृत कठिन रहे।

### मंडी गेट के पास एक साथ...

घटनाएं हुई हैं। पूर्व की तरह बदमाश छत के रास्ते दीवार में सेंधमारी कर तीनों दुकानों में चोरी करने पहुंचे थे। पुलिस एक चोर के बारे में जानकारी मिलने का दावा कर रही है। अन्य के बारे में पतासाजी करने की बात कह रही है। चोरों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने रविवार को कई जगह छापेमारी भी की, लेकिन अब तक किसी भी तरह से कोई सुराग नहीं मिला है।

### मौसमी व्यवधान के साथ ...

इस मौसम होने वाले हवा की दिशा में बदलाव से अधिकतम तापमान के चढ़कर मध्य इलाकों में 35-36 होने की संभावना भी है। जनवरी की विदाई के साथ प्रातःकाल में सिमट चुकी ठंड का प्रभाव फरवरी में धीमे-धीमे कमी आने की संभावना है। दिन की लंबाई बढ़ने के साथ इस महीने राज्य में आने वाली हवा की दिशा में बदलाव होगा जो मौसम की शुष्कता को कम करेगा जिससे रात के साथ दिन का तापमान भी चढ़ेगा। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक फरवरी महीने में पश्चिमी विक्षोभ राज्य को काफी बार प्रभावित करता है और इससे बादल छाने, बारिश होने के साथ कई बार ओलावृष्टि के आसार भी बनते है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार इस बार मौसमी उतार-चढ़ाव की संभावना अधिक है और इसकी शुरुआत सोमवार से राज्य के कुछ एक इलाकों में बारिश के रूप में होने के आसार है। फरवरी के प्रथम सप्ताह में लगातार दो पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की संभावना है। वातावरण में नमी की मात्रा बढ़ने से न्यूनतम और अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी होगी और ठंड में उपयोग होने वाले गर्म कपड़ों से दूरी बनाने की आवश्यकता होगी। फरवरी में ठंड की विदाई का प्रभाव दक्षिण और मध्य हिस्से पर ज्यादा नजर आएगा।

### 17 साल पहले 38 डिग्री...

फरवरी 2006 को 34.8 बिलासपुर में 28 फरवरी 2009 में 38.2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया था। इस बार भी तापमान इसके करीब जाने की संभावना है।

### पुराने 10 सरकारी मेडिकल ...

नए चिकित्सा महाविद्यालय खोलना शासन के लिए चुनौतीपूर्ण होगा। 10 शासकीय कॉलेजों में वैसे तो कुल 2058 चिकित्सा शिक्षकों का सेटअप है, इनमें नियमित, संविदा मिलाकर 935 काम कर रहे हैं और 1123 पद रिक्त हैं। चिकित्सा शिक्षकों की 45 फीसदी की कमी के कारण अक्सर किसी न किसी शासकीय कॉलेज में जीरो ईयर की तलवार लटकती रहती है। ऐसे में इस साल खुलने वाले पांच नए कॉलेजों में चिकित्सा शिक्षकों की व्यवस्था कहां से होगी, इस पर बड़ा सवाल खड़ा हो रहा है। जानकारों को कहना है कि आने वाले दिनों में फैकल्टी की होने वाली बड़ी समस्या से बचने के लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग को अभी से प्रयास करना चाहिए। इसके लिए डीपीसी की बैठक कर पुराने चिकित्सा शिक्षकों को प्रमोशन देने और नए असिस्टेंट प्रोफेसरों की भर्ती शीघ्र किया जाना चाहिए।

आवश्यकता है



ड्राइवर - 1
कुशल ड्राइवर (ऑटोमेटिक गाड़ी चलाने में सक्षम)
इच्छुक व्यक्ति बायोडाटा एवं
ड्राईविंग लाइसेंस के साथ संपर्क करें
समय : सुबह 10 से शाम 6 बजे
एच.आर. विभाग
हरिभूमि inh पुजारी पार्क के सामने, टिकरापारा, रायपुर

online Booking:-www.tripuryatra.com



स्लीपर मात्र 13,500/
By Train-रिजर्वेशन कोच
23 जून, 7 जुलाई, 21 जुलाई, 04 अगस्त 2026(11 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
अमरनाथ यात्रा
बाबा अमरनाथ, माता वैष्णव देवी, श्रीनगर
नोट :- बुकिंग आप जल्द करवाले क्योंकि रजिस्ट्रेशन व मेडिकल करवाना अनिवार्य रहता है।
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411



## देश के आम बजट को लेकर सभी वर्ग के विशेषज्ञों ने दी अपनी प्रतिक्रिया

# बजट में जनमन की बात, विकसित भारत को मिलेगी पहचान

### व्यापारी समुदाय को इनकम टैक्स पर राहत नहीं

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष सतीश थौरानी ने केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट देश की आर्थिक प्रगति, उद्यमशीलता और रोजगार सृजन की दिशा में कारगर कदम है। बजट में अगले वित्त वर्ष के लिए 12.2 लाख करोड़ रुपए का पूंजीगत व्यय निर्धारित किया है। यह देश में इंफ्रास्ट्रक्चर विकास को गति देने में सहायक होगा। टियर-2 और टियर-3 शहरों के विकास के लिए अतिरिक्त संसाधनों का आवंटन तथा प्राइवेट डेवलपर्स के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर रिस्क गारंटी फंड जैसे पहल से निवेश और रोजगार के अवसर को बढ़ाने में सहायक होगी। स्वास्थ्य एवं बायो-फार्मा क्षेत्र में निवेश के साथ 'बायो-फार्मा शक्ति' योजना और 1,000 मान्यता प्राप्त क्लीनिकल साइट्स भारत को ग्लोबल बायो-फार्मा हब बनाने में मदद करेंगी।



### 5 यूनिवर्सिटी कॉरिडोर की घोषणा मील का पत्थर साबित होगी

देश में 5 यूनिवर्सिटी कॉरिडोर की स्थापना का कॉन्सेप्ट व उसकी स्थापना एक अभूतपूर्व पहल है। देश के बड़े औद्योगिक व लॉजिस्टिक कॉरिडोर के पास 5 यूनिवर्सिटी कॉरिडोर में युवाओं को कार्पोरेट मित्र बनाने का निर्णय रोजगार के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि होगी। आयुर्वेद चिकित्सा को बढ़ावा देने एम्स की तर्ज पर देश में तीन ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद बनाने की घोषणा अभिनंदनीय है। नार्थ ईस्ट में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन, स्वास्थ्य के क्षेत्र में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ एन्ड न्यूरो साइंस की स्थापना, पर्यटन के क्षेत्र में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हॉस्पिलिटी की स्थापना देश के विकास को एक नई ऊर्जा देगा।



- **संजय जोशी**, शिक्षाविद

### आयुर्वेद से जुड़ी इंडस्ट्री को वैश्विक पहचान मिलेगी

बजट में सरकार ने आयुर्वेद पद्धति के विकास और लोकव्यापीकरण के लिए क्रांतिकारी घोषणाएं की हैं, जिसका उद्देश्य सबके लिए आरोग्य सुलभ कराना है। आयुर्वेद के वैश्विक मांग को देखते हुए बजट में 'एम्स' की तर्ज पर 3 अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान 'एआईआईए' खोलने की घोषणा की गई है। आयुष फार्मेसी और औषधि प्रयोगशालाओं को अपग्रेड करने की घोषणा की गई है, जिससे लोगों को गुणवत्तापूर्ण दवाइयां सुलभ होंगी। बजट में देश में आयुष मेडिकल टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए 5 मेडिकल हब विकसित करने की घोषणा की गई है, जो स्वागतेय है। सरकार के इस कदम से आयुर्वेद से जुड़ी इंडस्ट्री को वैश्विक पहचान मिलेगी, जिससे रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। देश की एक बड़ी आबादी इन दिनों कैंसर और डायबिटीज बीमारी से पीड़ित है, उन्हें राहत पहुंचाने के लिए बजट में इन बीमारियों के उपचार और नियंत्रण के लिए जरूरी दवाओं के कीमतों को कम करने की घोषणा की गई है, जो सरकार के संवेदनशीलता को प्रदर्शित करती है। कुल मिलाकर यह समावेशी बजट है जो हर सेक्टर को आर्थिक मजबूती देगा।



- **डॉ. संजय शुक्ला**, एसोसिएट प्रोफेसर शासकीय आयुर्वेद कॉलेज

### खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे



तटीय मत्स्य श्रृंखला और पशुपालन के लिए क्रेडिट-लिंक्ड सब्सिडी से ग्रामीण उद्यमिता और डेयरी इंफ्रास्ट्रक्चर को गति मिलेगी। किसान उत्पादक संगठनों को प्रोत्साहन मिलने से सामूहिक मार्केटिंग मजबूत होगी और किसानों को उपज का बेहतर मूल्य मिलेगा। काजू, नारियल और चंदन जैसी उच्च-मूल्य फसलों पर फोकस से निर्यात बढ़ेगा तथा खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

- **संजय जैन चेयरमैन**, सीआईआई छत्तीसगढ़

### बजट में क्षेत्र-विशेष विकास की सकारात्मक गति को किया रेखांकित

कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री छत्तीसगढ़ ने केंद्रीय बजट 2026–27 में कृषि, विनिर्माण, एमएसएमई, उभरती प्रौद्योगिकियों तथा वित्तीय बाजारों में लक्षित नीतिगत हस्तक्षेपों और ठोस निवेश प्रावधानों का सकारात्मक संज्ञान लिया है। नवाचार, अवसंरचना निर्माण, कौशल विकास और पूंजी तक पहुंच पर बजट का विशेष जोर छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों में औद्योगिक प्रतिस्पर्धा को सुदृढ़ करने और रोजगार सृजन में सहायक सिद्ध होगा। केंद्रीय बजट में "चैंपियन एसएमई" विकसित करने के लिए अपनाई गई तीन-स्तरीय रणनीति, जिसमें प्रस्तावित 10000 करोड़ का एसएमई ग्रोथ फंड तथा आत्मनिर्भर भारत फंड के विस्तार की घोषणा शामिल है।

### बजट का मूलमंत्र 'सरलीकरण'

सरकार द्वारा लगभग छह दशक पुराने आयकर कानून को बदलकर 'नया आयकर अधिनियम, 2025' लागू करने का निर्णय अत्यंत साहसी और समय की मांग है। 60 साल पुराने जटिल कानूनों के स्थान पर एक सरल और आधुनिक कानून लाना करदाताओं और कर-प्रशासकों के बीच होने वाले विवादों को न्यूनतम करने में एक मील का पत्थर साबित होगा। कर संरचना को अधिक तर्कसंगत और सरल बनाकर सरकार ने न केवल टैक्स चोरी की संभावनाओं को कम किया है, बल्कि करदाताओं को 'स्वैच्छिक अनुपालन' के लिए भी प्रेरित किया है। यह कदम देश की अर्थव्यवस्था में पारदर्शिता और विश्वास का नया वातावरण तैयार करेगा। बजट का मूलमंत्र 'सरलीकरण' है। जटिल प्रक्रियाओं को समाप्त कर तकनीक और सुगमता पर जोर दिया गया है, जिससे अब एक आम नागरिक के लिए भी टैक्स संबंधी औपचारिकताएं पूरी करना आसान हो जाएगा।



- संजय कुमार गोयल, सीए

### आम जनता के लिए कोई राहत नहीं

वित्त वर्ष का केंद्रीय बजट बहुत ही नीरस एवं खानापूर्ति वाला रहा। इसमें किसी तरह से भी आम जनता के लिए कोई राहत नहीं है। जहां तक के बैंकिंग सेक्टर की बात है, सरकार ने मर्जर, प्राइवेटाइजेशन, अमलगमेशन जैसे मुद्दों का बजट में कोई उल्लेख नहीं किया है। इससे यह प्रतीत होता है कि सरकार यूनियन के दबाव में बैकफुट पर है। वित्त मंत्री ने बैंकिंग सेक्टर रिफार्म के लिए एक हाईलेवल बैंकिंग रिव्यू कमेटी के गठन की घोषणा की है, जो 2047 तक के विकसित भारत में बैंकिंग सेक्टर कैसा हो, इस पर रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। इसमे उन्होंने सभी राष्ट्रीयकृत बैंकों की तारीफ करते हुए कहा है कि आज की परिस्थितियों में बैंकों की बैलेंस शीट बहुत मजबूत है, लाभ बहुत अच्छा है और जो लोन खराब हुए हैं, उन पर भी बैंकों की पकड़ है।



- **शिरीष नलगुंडवार**, महासचिव, छग बैंक एम्प्लाइज एसोसिएशन

### छत्तीसगढ़ की घोर उपेक्षा

जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के मुख्य प्रवक्ता अधिवक्ता भगवानू नायक ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए वित्तीय वर्ष 2026-27 के आम बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के लिए यह बजट बेहद निराशाजनक है। बजट में किसानों, युवाओं, महिलाओं, किसी के लिए कुछ भी पर्याप्त प्रावधान नहीं रखे गए हैं। पूरा बजट केवल अपने उद्योगपति मित्र को ध्यान में रखकर बनाया गया है। छत्तीसगढ़ में जो माइनिंग कॉरिडोर बनाने की घोषणा की है, उसका फायदा केवल और केवल अडाणी को होगा। उन्होंने कहा, बजट के तुरंत बाद शेयर बाजार का टूटना और निवेशकों के 16 लाख करोड़ से ज्यादा डूबना इस बात का प्रमाण है कि देश की जनता ने बजट को नकार दिया है। संदेश स्पष्ट है कि केंद्र की भाजपा सरकार अब जनता का विश्वास खो चुकी है।



### केंद्रीय बजट में हर वर्ग को विशेष प्राथमिकता

यह बजट छत्तीसगढ़ समेत पूरे देश में समावेशी विकास सुनिश्चित करेगा। बजट में किसान, युवा, महिला और मध्यम वर्ग को विशेष प्राथमिकता दी गई है। आयकर राहत, इंफ्रास्ट्रक्चर विकास, शिक्षा-स्वास्थ्य और रोजगार सृजन से देश की अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी। आयकर प्रक्रिया को सरल बनाया गया है और छोटे करदाताओं के लिए आसान व्यवस्था की गई है, दवाइयां, कपड़े, जूते, मोबाइल, ईवी बैटरी, सोलर उपकरण, बायोगैस-सीएनजी सहित कई रोजमर्रा की वस्तुएं सस्ती होंगी, जिससे आम जनता को सीधी राहत मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमणजी को इस ऐतिहासिक, विकासशील व जनकल्याणकारी बजट के लिए बधाई।



- डॉ. विजय शंकर मिश्रा, प्रदेश प्रवक्ता, भाजपा

### व्यापार को नई उचाईयां देने वाला बजट

यह बजट देश की अर्थव्यवस्था  व व्यापार को नई दिशा व उंचाईयां देने वाला बजट है। जैसा कि हम जानते हैं कि हाल के समय में जीएसटी  रिफॉर्म हुआ, इनकम टैक्स रिफॉर्म हो चुके हैं और इनकम टैक्स बिल-2025 लागू होने की प्रक्रिया में है। ऐसे में अब देश को आवश्यकता थी तेज आर्थिक विकास की। यह अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में बढ़ती प्रतिस्पर्धा का सामना करने की दिशा में ठोस कदम है।



-**सीए चेतन तारवानी**, वाइस चेयरमैन, छग चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज

### कृषि अर्थव्यवस्था को मजबूती देने वाला बजट

यह बजट कृषि अर्थव्यवस्था को मजबूती देने वाला बजट है। इस बार कृषि बजट में पिछले बजट की तुलना में 18 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी की गई है। इससे कृषि के सभी ट्रेड में उत्पादन, गुणवत्ता में बढ़ोतरी संभव होगी। साथ ही साथ तकनीकी रूप से एआई भारत विस्तार नामक बहुभाषीय पोर्टल किसानों को उनकी भाषा में  खेती के नवाचार व बाजार की जानकारी में मददगार बनेगा। कृषि क्षेत्र के लिए कुल बजट 1 लाख 62 हजार करोड़ रखा गया है।



- प्रो. हुलास पाठक, एचओडी, कृषि अर्थशास्त्र विभाग, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय

### छात्रों के सपने को पंख देने वाला बजट

यह बजट उन छात्रों के सपने को पंख देने वाला है, जो विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त करना चाहते हैं। साथ ही हर जिले में छात्राओं के लिए छात्रावास की सुविधा की बात बेहद सराहनीय और विकसित भारत बनाने के सरकार के संकल्प को दर्शाती है। इस बार शिक्षा के लिए 1 लाख 28 हजार करोड़ का बजट रखा गया है, जो पिछले बजट से लगभग 6 प्रतिशत अधिक है।



- प्रो. बीएल सोनेकर, एचओडी, डिपार्टमेंट ऑफ इकॉनॉमी, रविवि

### कैंसर की दवाएं सस्ती करना स्वागतयोग्य

बजट में कैंसर के 17 दवाएं सस्ती करना स्वागतयोग्य कदम है। इससे कैंसर के मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी। साथ ही 7 दुर्लभ बीमारियों की विदेश से आने वाली दवाईयां भी सस्ती की गई हैं, लेकिन कॉमन डिजीस को प्रधानमंत्री आयुषमान योजना के तहत कवर्ड कर  इसके पैकेज को बढ़ाने और पेमेंट डिलीवरी को रेगुलर किया जाता तो आम आदमी के लिए स्वास्थ्य सुविधा और बेहतर होती।



- डॉ. अनिल जैन, ईएनटी सर्जन, रूपजीवन हॉस्पिटल

### सभी वर्गों का रखा गया ध्यान

बजट-2026 केंद्र की मोदी सरकार द्वारा पेश किया गया है। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा बजट में सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है। युवा वर्ग के लिए एआई के क्षेत्र में एक नई क्रांति आने वाली है। इनकम टैक्स में बहुत सरलीकरण किया गया है। मोबाइल, ईवी कारें सस्ती होंगी। छोटे कारोबारियों एवं छोटे लघु उद्योग को बढ़ावा दिया जाएगा। लखपति दीदी प्रोग्राम को सेल्फ हेल्प में मदद मिलेगी, शुगर कैंसर की दवाई अब बहुत सस्ती होगी। इस बजट से सभी वर्ग में संतोष और खुशी है।



- **ललित जैसिंघ**, बीजेपी जिला उपाध्यक्ष

### रोजगार सृजन के लिए सकारात्मक संकेत

देश के बड़े व्यापारी संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड  के सदस्य अमर पारवानी, प्रदेश इकाई के चेयरमैन जितेंद्र दोशी, विक्रम सिंहदेव, परमानंद जैन, सुरिंदर सिंह और अजय अग्रवाल ने बजट पर चर्चा की। संयुक्त रूप से कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स ने बजट को विजन-2047 मॉडल स्वरूप देने वाला बताया। विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में वित्त मंत्री द्वारा पेश किया गया केंद्रीय बजट स्वागतयोग्य है। छत्तीसगढ़ कैट का मानना है कि यह बजट व्यापारियों, उद्यमियों, उद्योग एवं टैक्स पेयर के लिए सरलता, स्थिरता, निवेश और दीर्घकालिक विकास का रोडमैप है। प्रदेश महामंत्री सुरिंदर सिंह ने बजट को लेकर की गई चर्चा को लेकर जानकारी दी।

### छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में भी युवा पीढ़ी मजबूत बनेगी

यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी के मजबूत, जन-केंद्रित और दूरदर्शी नेतृत्व का सबसे शानदार प्रमाण है, जो मध्यम वर्ग की आर्थिक ताकत बढ़ाने, शिक्षा एवं स्वास्थ्य को हर घर तक पहुंचाने तथा फार्मास्यूटिकल क्षेत्र को वैश्विक स्तर पर सुपरपावर बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठा रहा है। वित्त मंत्री की अथक मेहनत, सूझबूझ और संतुलित दृष्टिकोण ने इस बजट को आम आदमी का सबसे बड़ा साथी बना दिया है। मेडिकल शिक्षा में नई सीटों का विस्तार, एलाइड हेल्थ प्रोफेशनल्स के लिए नए एवं उन्नत संस्थान, तीन नए ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद की स्थापना तथा अन्य योजनाओं से हर युवा को बेहतर शिक्षा एवं स्किल का अवसर मिलेगा।



- योगेश साहू, फार्मा शोधकर्ता व पॉलिटिकल ऑब्जर्वर

### विकसित भारत की दिशा में सर्वस्पर्शी बजट

केंद्रीय बजट 2026-27 की सराहना करते हुए छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष एवं राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त अमरजीत सिंह छाबड़ा ने इसे विकसित भारत का दूरदर्शी बजट बताया है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में तैयार किया गया बजट देश को वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने के संकल्प को आगे बढ़ाने के लिए सार्थक कदम है। यह बजट समावेशी विकास, सामाजिक न्याय और आर्थिक सशक्तिकरण के मूल सिद्धांतों को मजबूती प्रदान करता है। उन्होंने जिक्र किया, बजट में अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय का प्रावधान बढ़ाकर 3400 करोड़ रुपए किया गया, जो पिछले वर्षों की तुलना में वृद्धि को दर्शाता है। यह वृद्धि इस बात का प्रमाण है कि केंद्र सरकार अल्पसंख्यक समुदायों के सामाजिक-आर्थिक उत्थान, शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार के अवसरों को बेहतर करने संकल्पित है।



### इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे रणनीतिक क्षेत्रों को मजबूती मिलेगी



'इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन 2.0' और इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग में सहयोग से भारत का तकनीकी इकोसिस्टम और उच्च-मूल्य विनिर्माण सुदृढ़ होगा। 10,000 करोड़ के 'बायोफार्मा शक्ति कार्यक्रम' और 1000 नई क्लीनिकल ट्रायल साइट्स की स्थापना से भारत एक वैश्विक नवाचार केंद्र  बनेगा। रेयर अर्थ कॉरिडोर और तीन नए केमिकल पार्कों की घोषणा से घरेलू निर्माण क्षमता बढ़ेगी और स्वच्छ ऊर्जा तथा इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे रणनीतिक क्षेत्रों को मजबूती मिलेगी।

-  **बजरंग गोयल**, वाइस-चेयरमैन, सीआईआई छत्तीसगढ़ एवं डायरेक्टर, श्री बजरंग पॉवर एंड इस्पात लिमिटेड

### संवेदनशील सरकार का प्रयास स्वागत योग्य

जिला दवा विक्रेता संघ के उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी अश्विनी विग ने कहा कि संवेदनशील सरकार का यह बजट स्वागतयोग्य है। लोकसभा में वित्त मंत्री ने बजट पेश करतते हुए सरकार की संवेदनशीलता और विजन को प्रदर्शित किया है। इसके लिए उनको और उनकी सरकार को साधुवाद। इस बार के बजट में सरकार ने फार्मा सेक्टर और आम जनता के स्वास्थ्य की चिंता प्रदर्शित की है। ग्लोबल फार्मा हब की घोषणा और 40 हजार करोड़ का बजट भी रखा है।



### जीवनयापन लागत में राहत नहीं मिली

कांग्रेस नेता उधोराम वर्मा का कहना है कि केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026-27 आम जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरता हुआ प्रतीत नहीं होता। बजट में महंगाई, बेरोजगारी और आय-संकट जैसे ज्वलंत मुद्दों पर ठोस और त्वरित राहत का अभाव साफ दिखाई देता है। किसानों के लिए प्रत्यक्ष आय-समर्थन, फसल लागत में कमी और न्यूनतम समर्थन मूल्य को लेकर कोई निर्णायक कदम नहीं उठाया गया, जिससे कृषि संकट और गहराने की आशंका है। युवाओं और बेरोजगारों के लिए बड़े पैमाने पर स्थायी रोजगार सृजन की कोई स्पष्ट योजना सामने नहीं आई।



### मेडिकल टूरिज्म के लिए अच्छी पहल

छत्तीसगढ़ सिविल सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. कुलदीप सोलंकी ने बजट को लेकर अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि मेडिकल टूरिज्म के लिए 5 क्षेत्रीय चिकित्सा केंद्रों का प्रस्ताव लाना एक अच्छी पहल है। राज्य सरकार को न्यू रायपुर में मेडिसिटी को क्षेत्रीय चिकित्सा केंद्र में बदलना चाहिए। बायोफार्मा के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ निश्चित रूप से लाभ होगा। यहां फार्मा और मेडिकल टेक्नोलॉजी उद्योग के लिए उपयुक्त स्थान और वातावरण है।



### बजट में युवाओं और महिलाओं पर फोकस

चैंबर ऑफ कॉमर्स के कार्यकारी अध्यक्ष राजेश वासवानी ने प्रक्रिया देते हुए कहा कि छोटे व्यापारियों और उद्योग से जुड़ने वाले युवाओं और महिला वर्ग का विशेष ध्यान रखा गया है। देश के विकास में रेलवे व सड़क योजना को गति देने वाला यह बजट पेश किया गया। चैंबर जीएसटी के सरलीकरण, टीडीएस और टीसीएस को कम करने की लगातार मांग कर रहा था, इस बजट में सभी बिंदुओं पर फोकस किया गया।



### परिवर्तन नहीं करने से भाव में स्थिरता

रायपुर सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरख मालू ने बजट को लेकर कहा है कि वर्षभर से सोने और चांदी के भाव में काफी उतार -चढ़ाव आया। अब नया बजट आने के बाद भाव में स्थिरता आने की संभावना है। सालभर में सोना 110% एवं चांदी 432 प्रतिशत की वृद्धि हुई। बजट में सोने और चांदी पर आयात शुल्क एवं जीएसटी की दरों में परिवर्तन नहीं करने से भाव में स्थिरता आई। इससे आम आदमी सुरक्षित निवेश के हिसाब से सोने एवं चांदी में निवेश करेंगे। साथ ही सरकार ने वादा कारोबार को हतोत्साहित करने के लिए फ्यूचर के सौदों पर टैक्स की दर 50% तक बढ़ाया हैं, जिससे लंबे समय के निवेशकों को फायदा होगा।



## सिटी लाइव

### जीवन में छोटे कदमों से प्रयास करने से सफलता मिलनी तय



**रायपुर।** जीवन में बड़ी सफलता पाने के लिए शून्य से छोटे-छोटे कदमों से शुरुआत करने से सफलता तय होती है। टारगेट को लेकर माइंडसेट एकदम क्लीयर होना चाहिए, तभी सही व्यक्ति से मार्गदर्शन ले पाएंगे और चर्चा कर सकेंगे। महाराष्ट्र मंडल की युवा समिति के युवा सम्मेलन 'तरुणोदय' में यह बात बतौर मुख्य अतिथि मंडल अध्यक्ष अजय काले ने कही। रविवार को युवा सम्मेलन में उन्होंने कहा कि आपकी सोच स्पष्ट होनी चाहिए, तभी करियर में सही दिशा में कदम बढ़ा सकते हैं। जरूरी नहीं कि हर समय पालक आपको मार्गदर्शन देने के लिए साथ रहें, इसलिए आपको पता होना चाहिए कि कॅरियर गढ़ने के लिए क्या करना है और कहां जाना है। बृहन्महाराष्ट्र मंडल के छत्तीसगढ़ कार्यवाह सुबोध टोले ने कहा कि महाराष्ट्र मंडल में आने और आयोजन का हिस्सा बनने के कई फायदे हैं।

#### युवाओं ने खेले रोचक गेम्स

उन्होंने आगे कहा कि आपकी जरूरत की पूर्ति समाज और महाराष्ट्र मंडल से होती है, लेकिन यह तभी संभव होगा, जब आप नियमित रूप से यहां अपनी रुचि के तहत आयोजनों में आएंगे। युवा समिति के समन्वयक विनोद राखुंडे और प्रमुख डॉ. शुचिता देशमुख ने युवाओं के बीच कई रोचक गेम्स कराए। कुर्सी दौड़ में संदेश महादेवकर विजेता रहे। रूमाल झपट्टा गेम में ब्लू टीम सबसे आगे रही। संख्या बनाओ खेल में सभी प्रतिभागियों का समान प्रदर्शन रहा। बाधा दौड़ में समीक्षा टोले अव्वल रहीं। स्वरोजगार से तेजी से उभरते युवा सभासदों, अधिवक्ता लोकेश पवार, लघु उद्योगपति सुधांशु नाफडे, लघु व्यवसायी मेधा पोतदार को सम्मानित किया गया।

## इवेंट लाइव

### गुजराती ब्रह्म समाज भवन का द्वितीय तल बनाने सांसद निधि से दिए 10 लाख



**रायपुर।** गुजराती ब्रह्म समाज को फाफाडीह स्थित त्रिमूर्ति नगर में सार्वजनिक भवन के द्वितीय तल को विस्तार देने 10 लाख रुपए सांसद निधि से रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने आवंटित किए हैं। गुजराती ब्रह्म समाज के अध्यक्ष कीर्ति व्यास, उपाध्यक्ष हितेश व्यास, सचिव अशोक त्रिवेदी, सहसचिव नरेश पंड्या, सदस्य ललित रावल प्रतिनिधिमंडल के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर कीर्ति व्यास ने बताया कि पूर्व में भी विधायक और मंत्री के रूप में बृजमोहन अग्रवाल ने सहयोग दिया है। कोविड के संकट के समय भी श्री अग्रवाल ने सहयोग दिया था। समाज को बेहतर भवन देने के लिए द्वितीय तल का निर्माण कराने कहा गया है।

#### भवन में मिलेंगी बेहतर सुविधाएं

ब्रह्म समाज द्वारा त्रिमूर्ति नगर में सार्वजनिक भवन का निर्माण किया गया है। ब्रह्म समाज के परिवारों द्वारा और आसपास की बस्तियों में रहने वाले गरीब परिवारों द्वारा बहुत ही किफायती दरों पर मांगलिक आयोजनों के साथ यहां धार्मिक आयोजन किए जा सकेंगे। अध्यक्ष कीर्ति व्यास ने 10 लाख का सहयोग प्राप्त होने पर समाज की तरफ से सांसद के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि अब समाज के लोगों को विविध मांगलिक आयोजनों के लिए बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। इस दिशा में जल्द ही प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

## समाज इवेंट

### वेदमती शैली की पंडवानी गायिका प्रभा को मिला भरत मुनि सम्मान



**रायपुर।** कला एवं साहित्य को समर्पित अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती ने अखिल भारतीय भरत मुनि सम्मान-2025 की कड़ी में लोककला के तहत छत्तीसगढ़ की वेदमती शैली की प्रमुख पंडवानी गायिका प्रभा यादव को सम्मानित किया। उनकी कला साधना और कार्यक्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए रविवार को ठाणे (महाराष्ट्र) स्थित गडकरी रंगायतन हॉल में किए गए समारोह में अखिल भारतीय भरत मुनि सम्मान-2025 से उन्हें अलंकृत किया गया। संस्कार भारती के महामंत्री अश्विन दलवी ने बताया कि यह अखिल भारतीय भरत मुनि सम्मान भारत में पंचम वेद के नाम से विख्यात नाट्य शास्त्र के रचयिता महर्षि भरत मुनि को समर्पित है। जहां ऐसे विशिष्ट कला साधकों को सम्मानित करते हुए हम गौरवान्वित और उनकी समाजोन्मुखी कला साधना से अभिभूत है।

#### प्रतिवर्ष दो कला विधाओं में दिया जाता है सम्मान

इस पुरस्कार के लिए इन कलाकारों का चयन विशेषज्ञों की एक समिति द्वारा किया गया। संस्कार भारती छत्तीसगढ़ प्रांत के सह महामंत्री डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर ने बताया कि ओडीसी एवं भरतनाट्यम की प्रसिद्ध नृत्यांगना एवं पूर्व राज्यसभा सदस्य सोनल मानसिंह (पद्म विभूषण) द्वारा तथा संस्कार भारती के अखिल भारतीय अध्यक्ष वायलिन वादक डॉ. मैसूर मंजूनाथ की उपस्थिति में यह सम्मान दिया गया। इस सम्मेलन में सम्मान स्वरूप एक स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र एवं रुपए 1,51,000 की राशि भेंट की गई। यह सम्मान प्रतिवर्ष दो कला विधाओं में दिया जाता है।

### महादेवघाट पर माघी पुन्नी मेले में उमड़ा जनसैलाब

# खारुन में लगाई आस्था की डुबकी, मेले में पारंपरिक मनोरंजन का भी उठाया आनंद

खारुन नदी के किनारे महादेवघाट में माघी पुन्नी मेला में श्रद्धालुओं ने रविवार को आस्था की डुबकी लगाई। सुबह से ही नदी में पुण्य स्नान के लिए श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। श्रद्धालुओं ने खारुन नदी में स्नान के बाद तट पर स्थित स्वयंभू शिवलिंग हाटकेश्वरनाथ मंदिर में दर्शन और जलाभिषेक कर सुख-समृद्धि की मनोकामना की। मंदिर के पुजारी ने बताया कि महादेवघाट में माघ माह की पूर्णिमा पर मेला ऐतिहासिक मान्यता व आस्था को लेकर प्रसिद्ध है, जिसके चलते हर वर्ष इस दिन खारुन नदी महादेवघाट पर आस्था की डुबकी लगाने लोग बड़ी संख्या में पहुंचते हैं।







**रायपुर।** महादेवघाट पर भव्य माघी पुन्नी मेला का आयोजन होता है, जहां लोग भक्ति-आस्था के संगम में समागम करते हैं। वहीं स्नान और दर्शन के बाद मेले में श्रद्धालुओं और आसपास के लोगों ने मीना बाजार, झूले और विभिन्न दुकानों में खरीदारी का आनंद उठाया। दोपहर बाद से देर शाम तक मेले में लोग भ्रमण कर विविध मनोरंजन का आनंद उठाते दिखे। मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम, मड़ई कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। महादेवघाट का माघी पुन्नी मेला शहर की सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहर का एक प्रमुख हिस्सा है, जो शहरवासियों का वर्षों से आस्था का केंद्र बना हुआ है।

#### मेले में दिखी स्थानीय परंपरा की झलक

छत्तीसगढ़ में माघ माह की पूर्णिमा तिथि पर कई शहरों में भव्य मेले का आयोजन करने की परंपरा सदियों से चली आ रही है, जिसमें महादेवघाट माघी पुन्नी मेला भी प्रमुख है। इसमें स्थानीय पारंपरिक बाजार, दुकानें, मनोरंजन व सांस्कृतिक आयोजन, आसपास के लोग की आस्था, परंपरा, आनंद और मनोरंजन का माध्यम बना हुआ है। इस मेले में स्थानीय परंपरा की झलक देखते ही बनती है।



#### तीन बार लगता है मेला

महादेवघाट स्थित ऐतिहासिक हाटकेश्वर महादेव मंदिर के पुजारी के अनुसार, 600 साल से भी अधिक समय से मेला लगता आ रहा है। राजा ब्रह्मदेव ने मेले की शुरुआत की थी। साल में तीन बार मेला लगता है, पहला कार्तिक पूर्णिमा, दूसरा माघ पूर्णिमा और तीसरा फाल्गुन माह की महाशिवरात्रि पर मेले का आयोजन होता है। मेले का उद्देश्य आसपास के ग्रामीणों को एक जगह एकत्रित करके सामाजिक एकजुटता को मजबूत करना है।



#### मेला-मड़ई ने आनंद किया दोगुना

इस माघी पुन्नी मेले में महादेवघाट पर गहिरा मड़ई के आयोजन ने लोगों के आनंद को दोगुना कर दिया। मड़ई में पारंपरिक वेशभूषा और दोहे पर राउत नाचा का आकर्षण देखते ही बन रहा था। मेले में पहुंचे लोग मड़ई में राउत नाचा देखने ठहर गए। यह आयोजन छत्तीसगढ़ कोसरिया अहीर यादव समाज द्वारा किया गया। इसमें समृद्ध लोकसंस्कृति और परंपरा की अनुपम झलक पाकर लोग मंत्रमुग्ध हो गए।

## शंख ध्वनि से किया सिद्धेश्वर ब्रह्मर्षि का स्वागत, गुरु के जयघोष की गूंज





**रायपुर।** विश्व धर्म चेतना मंच द्वारा किए गए आयोजन में शामिल होने के लिए लोगों का मेडिकल कॉलेज परिसर स्थित अटल बिहारी वाजपेयी ऑडिटोरियम में लोगों के पहुंचने का सिलसिला दोपहर दो बजे से ही शुरू हो गया था। शाम 4 बजे के बाद आडिटोरियम में जाने और गुरुवर का संवाद सुनने वालों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। चारों वेद, रामायण, गीता, उपनिषद, आगम, पुराण जैसे धर्मग्रन्थों का ज्ञान प्राप्त करने वाले धर्म एवं अध्यात्म योगी सिद्धेश्वर ब्रह्मर्षि गुरुदेव का आयोजन स्थल पर आगमन शाम 6 बजे हुआ। उनके स्वागत में बटुकों के समुह ने शंखध्वनी से स्वागत किया। गुरुदेव सिद्धि शक्ति का महाआशीर्वाद प्राप्त करने के लिए पहुंचे लोगों ने गुरु का जयघोष करते हुए पुष्प वर्षा की।

#### विचारों और कार्यों में आए बदलाव की जानकारी दी

गुरुदेव का दिव्य आशीर्वाद एवं आशीर्वचन प्राप्त करने के बाद पूर्व राज्यपाल रमेश बैस, आयोजक रमेश सिंघानिया, मारुति शर्मा और मोहित सरावगी ने गुरुदेव को मंच तक पहुंचाया। जहां श्री बैस ने गुरुदेव का स्वागत किया। इसके बाद गुरुवर को जानने वाले भक्तों ने गुरुदेव से प्राप्त जीवन दर्शन से विचारों और कार्यों में आए बदलाव की जानकारी दी। जहां भक्त जनों को गुरुदेव द्वारा अभिमंत्रित रूद्राक्ष और कलावा प्रदान किया गया। सभी आगंतुक दर्शनार्थियों का प्रवेश निःशुल्क होने से आयोजन शुरू होने से पहले ही सभी सीटों पर लोगों की उपस्थिति थी।

#### धर्मप्रेमियों ने गुरुवर की साधना के बारे में बताया

आयोजन स्थल पर सभी के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था आयोजन संस्था विश्व धर्म चेतना मंच द्वारा किया गया था। रमेश सिंघानिया, मारुति शर्मा और मोहित सरावगी के मार्गदर्शन में आयोजित इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में अलग-अलग समाज के लोगों ने भी सहयोग दिया। आयोजकों ने गुरुदेव के संदर्भ में उनका आशीर्वाद वचन शुरू होने से पहले उनकी लम्बी साधना के संदर्भ में लोगों को बताया। आयोजक मंडल द्वारा सिद्धि शक्ति का महाआशीर्वाद के लिए सिद्धगुरुवर' की इस विरल तपस्या का फल भक्तों को प्राप्त होता है। छत्तीसगढ़ सरकार ने श्री सिद्धेश्वर ब्रह्मर्षि गुरुदेव के आगमन पर उन्हें राज्य अतिथि के रूप में विशिष्ट सत्कार दिया।

### राष्ट्रीय बैंड प्रतियोगिता में जीता कांस्य पदक

**रायपुर।** द ग्रेट इंडिया सैनिक स्कूल ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी सफलता का परचम लहराते हुए इतिहास रच दिया है। सीबीएसई दिल्ली, रक्षा मंत्रालय और समग्र शिक्षा द्वारा आयोजित राष्ट्रीय बैंड प्रतियोगिता में स्कूल ने देशभर के लगभग 2000 विद्यालयों को पछाड़ते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया है। यह छत्तीसगढ़ के किसी भी विद्यालय द्वारा अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इस भव्य प्रतियोगिता का आयोजन बाल भवन दिल्ली में किया गया। विद्यालय के छात्रों की इस उपलब्धि पर केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया।



### पटले को समाज रत्न सम्मान अध्यक्ष ने किया सम्मानित



**रायपुर।** गुढ़यिारी पंवार समाज के वार्षिक स्नेह सम्मेलन के आयोजन में दानवीर सर्व-समाज के लिए समर्पित समाजसेवी टेकराम पटले को उनकी दानवीरता के लिए पंवार महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नंदलाल चौधरी व राष्ट्रीय कार्यकारिणी समाज के सदस्यों की उपस्थिति मे पंवार उत्कृष्ट सम्मान समाज रत्न से सम्मानित किया गया। वर्तमान मे समाजसेवी टेकराम पटले गौसेवा संरक्षण-संवर्धन, गरीब बच्चों के शिक्षण के लिए नियमित रूप से विशेष कार्यक्रम संचालित कर रहे हैं। समाज के अन्य सहयोगी अजय भगत, धनेंद्र बिसेन, रामनाथ टेम्भरे, बसंत बिसेन, देबीलाल पटले इस विशिष्ट जनहित कार्य में उन्हें विशेष सहयोग दे रहे हैं।


### निशुल्क आदर्श विवाह के लिए बनी रूपरेखा

**रायपुर।** आगामी 15 फरवरी को आयोजित होने वाले निशुल्क आदर्श विवाह कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने एक महत्वपूर्ण बैठक प्रयास एजुकेशन सोसाइटी परिसर में समाजसेवी महेश नेगी की अगवाई में हुई। उक्त जानकारी देते हुए कार्यक्रम के मीडिया प्रभारी राजकुमार राठी ने बताया कि बैठक में कार्यक्रम की संपूर्ण तैयारी, व्यवस्थाओं, दायित्व विभाजन एवं आयोजन को सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने को लेकर विभिन्न महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में प्रमुख रूप से महेश नेताम, राजकुमार राठी, संजीव यादव, डॉ. सुजीत परिहार, लक्ष्मी जैन, संतोषी सपहा, राकेश वर्मा, पूर्णिमा चौकसे, ज्योति साहू, तरुण नागरची, विक्रम व्यास, अनीता दुबे सहित अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में आदर्श विवाह जैसे पुनीत सामाजिक कार्य को सफल बनाने के लिए अपने-अपने सुझाव साझा किए एवं सामूहिक सहयोग का संकल्प लिया गया। श्री राठी ने बताया कि अभी तक आठ जोड़ों का पंजीयन हो चुका है, जिनका विवाह पूरे विधि-विधान के साथ संपन्न होगा।

## बोर्ड परीक्षा के समय स्टूडेंट्स को पैरेंट्स-टीचर्स सकारात्मक रूप से सपोर्ट करें

कार्नर न्यूज

बोर्ड परीक्षा के समय स्टूडेंट्स को पैरेंट्स व टीचर्स सकारात्मक रूप से सपोर्ट करें। स्टूडेंट्स के लिए एग्जाम कॅरियर टर्निंग प्वाइंट होता है। ऐसे में परीक्षा के समय स्टूडेंट्स का मन स्वभाविक तौर पर अति संवेदनशील मनोदशा से गुजरता रहता है। वहीं स्टूडेंट्स को सलाह है कि वे परीक्षा के दबाव या तनाव से बचने के लिए टॉपिक्स का रिवीजन टाइम टेबल बनाकर करें। साथ ही पढ़ाई के दौरान रिलेक्सेशन यानी अपनी हॉबी के लिए भी समय निकालें।



फाइल फोटो

**रायपुर।** पर्याप्त नींद लें और पौष्टिक भोजन रुटीन में शामिल करें। एकाएक परीक्षा के समय बिना ब्रेक के नियमित घंटों पढ़ाई से बचें। बोर्ड परीक्षा दे रहे स्टूडेंट्स के लिए ये टिप्स हैं पंडरी जिला अस्पताल के मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. अविनाश शुक्ला के। स्टूडेंट्स के मन में किसी भी विषय के किसी भी टॉपिक को लेकर कोई कठिनाई या कन्फ्यूजन की स्थिति हो रही है तो अभी समय रहते वे अपने टीचर्स और पैरेंट्स से समस्या को शेयर कर लें। इस पैटर्न से 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा की तैयारी करने वाले स्टूडेंट्स के लिए परीक्षा बहुत आसान हो जाएगी। इस तरह सीजी बोर्ड परीक्षा को लेकर हरिभूमि ने शहर के शिक्षाविद, एजुकेशन काउंसलर, मनोचिकित्सक से चर्चा कर स्टूडेंट्स के लिए टिप्स साझा किए हैं।

#### असफलता से कामयाबी का पैमाना तय नहीं

शहर की जानी-मानी शैक्षणिक परामर्श मनोवैज्ञानिक डॉ. वर्षा वरवंडकर व कॅरियर काउंसलर डॉ. अजीत वरवंडकर बताते हैं कि स्टूडेंट्स किसी भी परिस्थिति में परीक्षा को जीवन की अंतिम परीक्षा न मानें। परीक्षा में सफलता या असफलता से व्यक्ति की कामयाबी की पैमाना तय नहीं होता। स्टूडेंट्स अपने पर भरोसा कर पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित रखें। पढ़ाई के दौरान किसी भी तरह की कठिनाई, मन में हताशा या नकारात्मक भाव आएं तो वे अपने पैरेंट्स, टीचर्स से बात कर समस्या का समाधान ढूंढें। इस स्थिति में पैरेंट्स व टीचर्स बच्चों का हौसला बढ़ाएं।

#### निर्धारित समय पर पूरे प्रश्नों को हल करने का प्रयास करे

आत्मविश्वास के साथ परीक्षा के दिन एग्जाम हॉल में पहुंचें। किसी भी तरह का मानसिक तनाव या डर जैसी स्थिति में आने की जरूरत नहीं। विद्यार्थियों के लिए ये टिप्स गवर्नमेंट दानी गर्ल्स स्कूल के प्राचार्य हितेश दीवान ने हरिभूमि के साथ साझा करते हुए दिए। छत्तीसगढ़ माध्यामिक शिक्षा बोर्ड से जारी ब्लूप्रिंट और मॉडल पेपर के आधार पर स्टूडेंट्स विषयों के रिवीजन पर फोकस करें। 20 और 21 से बोर्ड एग्जाम शुरू हो रहे हैं। परीक्षा हॉल में एग्जाम देते समय निर्धारित 3 घंटे में पूरा प्रश्नों को हल करने का प्रयास करें। इससे परीक्षा में सफलता के साथ बेहतर रिजल्ट की संभावना बढ़ती है।

## सिटी स्पोर्ट्स

### पाँच साल के माहिर का कीर्तिमान छह माह में 1438 रेपिड रेटिंग



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के नन्हें शतरंज खिलाड़ी माहिर साहू ने मात्र 5 वर्ष की उम्र में शतरंज के रेपिड फॉर्मेट में 1438 की आधिकारिक रेटिंग प्राप्त कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। खास बात यह है कि माहिर को शतरंज सीखते हुए अभी केवल छह माह ही हुए हैं, और इतनी कम अवधि में यह उपलब्धि हासिल करना अपने आप में असाधारण है। माहिर साहू प्रतिदिन 1 से डेढ़ घंटे तक घर पर नियमित अभ्यास करते हैं, जिसका परिणाम उनकी तेज़ प्रगति के रूप में सामने आया है। इस उपलब्धि के साथ ही वे छत्तीसगढ़ के पहले ऐसे नन्हें खिलाड़ी बन गए हैं, जिन्होंने इतनी कम उम्र में रेपिड रेटिंग अर्जित की हो। इस उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के राज्य सचिव हेमंत खुटे ने माहिर साहू को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता न केवल खिलाड़ी की मेहनत और लगन का परिणाम है, बल्कि यह प्रदेश में शतरंज के उज्ज्वल भविष्य का संकेत भी है। माहिर साहू का गृहग्राम सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के सेंदुरस है। वर्तमान में जबलपुर (मध्यप्रदेश) में यूकेजी में अध्ययनरत हैं तथा राष्ट्रीय शतरंज स्पर्धाओं में छत्तीसगढ़ से प्रतिनिधित्व करते है। इनके पिता बलराम सेंट्रल जॉब में कार्यरत है तथा माता सुशीला गृहणी हैं।

### एचटीसी कप में बच्चे जुटे अभिभावकों के साथ



**भिलाई।** यूनाइटेड फुटबॉल क्लब की ओर से दो दिवसीय एचटीसी कप का आयोजन सेक्टर-2 फुटबॉल ग्राउंड में किया गया। जिसमें क्लब से जुड़े सभी बच्चों ने हिस्सा लिया बच्चों के साथ-साथ अभिभावकों ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। अभिभावकों के लिए कुछ मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया था आयोजन के संरक्षक इंद्रजीत सिंह (छोटू) ने बच्चों का उत्साह बढ़ाते हुए सभी को खेल के प्रति समर्पित रहते हुए प्रोत्साहित किया। सभी अभिभावकों ने भी बच्चों के कोच कुलवंत एवं दिलबाग का आभार व्यक्त किया एवं इसी तरह के आयोजन को निरंतर हर वर्ष करने का आग्रह किया।

### राज्य स्तरीय एथेलेटिक्स चयन स्पर्धा 8 फरवरी को न्यायधानी में



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ के द्वारा चयन स्पर्धा 8 फरवरी को बिलासपुर में आयोजित की जा रही है। इस चयन प्रतियोगिता में महिला /पुरुष 10 किलोमीटर रेस वॉक , महिला / पुरुष मैराथन वॉक एवं हाफ मैराथन वॉक आयोजित की जाएगी। साथ में 20 वर्ष से कम बालक/बालिका का 5 किलोमीटर रेस वॉक भी होगी। दोनों ग्रुप में प्रदर्शन के आधार पर खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। जो सुखना झील चंडीगढ़ में फरवरी 21 एवं 22 को आयोजित प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। आयोजन सचिव जसपिदर सिंह सेक्रेटरी चंडीगढ़ एथलेटिक एसोसिएशन होंगे। 5 वी ओपन थ्रो 7 एवं 8 मार्च को पटियाला पंजाब राज्य में आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता में महिला/पुरुष , अंडर 20 महिला /पुरुष और अंडर 18 बालक/बालिका तीन ग्रुप में आयोजित है। 5 वीं राष्ट्रीय जंप प्रतियोगिता 14 एवं 15 मार्च को बेंगलुरु में आयोजित है। प्रतियोगिता महिला /पुरुष अंडर 20 वर्ष से कम आयु के महिला /पुरुष एवं 18 वर्ष से कम आयु वर्ग के बालक /बालिका तीन ग्रुप में आयोजित है और 6 वीं राष्ट्रीय 400 मी प्रतियोगिता का आयोजन 28 मार्च को एलएनसीपीई त्रिवेंद्रम में किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता महिला /पुरुष, अंडर 20 महिला /पुरुष एवं अंडर 18 बालक/ बालिका भाग लेंगे। इन सभी प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए जो भी खिलाड़ी भाग लेना चाहते हैं वह भाग ले सकते हैं वह साथ में अपनी आयु प्रमाण को साथ लेकर आएंगे उनका चयन प्रदर्शन के आधार पर ही किया जाएगा। भारतीय एथलिट महासंघ के द्वारा निर्धारित मापदंड पर खिलाड़ी होंगे। यह जानकारी छत्तीसगढ़ एथलेटिक संघ के संयुक्त सचिव एवं प्रवक्ता एथलेटिक्स छत्तीसगढ़ संघ हेमंत सिंह परिहार ने दी।

पाचन बेहतर करने आज हमारे पास कई विकल्प मौजूद

# आज हर उम्र के लोगों की सबसे बड़ी समस्या बन गई है गैस , पेट को हल्का रखने जरूरी है कुछ उपाय अपनाना





आजकल पाचन से संबंधित समस्याओं का खतरा अधिक देखा जाता रहा है। भोजन के रखरखाव में गड़बड़ी, बैक्टीरिया-वायरस से दूषित आहार का सेवन करने से फूड पॉइजनिंग जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इसके अलावा सर्दियों के दिनों में कम पानी पीने से डिहाइड्रेशन का भी जोखिम रहता है जिसके कारण भोजन के पाचन पर गलत असर हो सकता है। ये स्थितियां अपच-गैस और पेट फूलने जैसी दिक्कतें बढ़ा सकती हैं। अगर आप भी ऐसी ही परेशानी से जूझ रहे हैं तो चंद मिनटों में इन सिंपल ट्रिक्स से अपना पेट साफ कर सकते हैं।

### फाइबर वाले फूड का करें सेवन

पेट से जुड़ी समस्या के अनहेल्दी आंतो के कारण होती है। ऐसे में ज्यादा मात्रा में फाइबर का सेवन करना चाहिए। यह आंतो को हेल्दी रखने में काफी मदद करता है। अगर आप भी कब्ज का शिकार हो रहे हैं तो ऐसी फल और सब्जियों का सेवन करें, जो फाइबर से भरपूर होती हैं। आइए आपको बताते हैं इन फल और सब्जियों के बारे में। सेब- पेट साफ करने के लिए सेब काफी प्रभावी होता है। इसमें फाइबर के गुण होते हैं, जो आपको गैस से छुटकारा दिलाता है।

### कीवी

पेट साफ करने के लिए आप कीवी का सेवन भी कर सकते हैं। यह खाना डाइजेस्ट करने में काफी मदद करता है और पेट साफ करता है

### हरी सब्जियां

पालक, मेथी और बाकी हरी पत्तेदार सब्जियां फाइबर से भरपूर होती हैं, यह कब्ज की समस्या से राहत देती हैं

### साबुत अनाज

साबुत अनाज का सेवन में भी पाचन तंत्र को दुरुस्त करने में कारगर होता है। दलिया में घुलनशील फाइबर होता है, जो पेट को साफ करता है

### प्रोबायोटिक्स से भरपूर चीजें

प्रोबायोटिक्स वाले यानी डेयरी उत्पाद जैसे दही और छाछ पाचन तंत्र को मजबूत करते हैं। इनमें अच्छे बैक्टीरिया होते हैं जो आंतों को साफ रखने में सहायक होते है। इसका सेवन कर के आप गैस और अपच जैसी समस्याओं से बच सकते हैं।



# घर पर हमेशा हंसते हुए लाफिंग बुद्धा क्यों रखे जाते हैं, जानिए इसके बारे में



लाफिंग बुद्धा को फेंगशुई परंपराओं में खुशी, समृद्धि और सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है। उनका सदैव मुस्कुराता हुआ चेहरा सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है और उनकी प्रसन्न मुद्रा घर एवं कार्यस्थल में शुभता लाने का संकेत देती है। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि लाफिंग बुद्धा हमेशा हंसता हुआ क्यों रखना चाहिए? क्यों हैं? उनकी हंसी केवल एक भाव नहीं हैं, बल्कि गहरी आध्यात्मिक और दार्शनिक प्रतीकात्मकता रखती है। उनकी मुस्कान संतोष और आंतरिक शांति का प्रतीक है, जो यह दिखाती है कि सच्चा आनंद भौतिक सुखों पर निर्भर नहीं होता, बल्कि आत्मिक संतुष्टि में निहित होता है। फेंगशुई के अनुसार, उनका हंसमुख चेहरा नकारात्मक ऊर्जा को दूर कर सकारात्मकता और सौभाग्य को आमंत्रित करता है।

इसके अलावा, मान्यता है कि उनके पेट से सौभाग्य और समृद्धि प्राप्त होती है। इस तरह लाफिंग बुद्धा न केवल खुशी का प्रतीक माना जाता है, बल्कि हमें जीवन को हल्केपन और प्रसन्नता से जीने की प्रेरणा भी देते हैं। यही नहीं लाफिंग बुद्धा को घर की सही दिशा में रखने से जीवन में सदैव समृद्धि बनी रहती है। आइए ज्योतिर्विद पंडित रमेश भोजराज द्विवेदी से जानें इसके बारे में कि घर पर हमेशा ऐसा लाफिंग बुद्धा क्यों रखना चाहिए जो हंसता हुआ दिखाई दे।

लाफिंग बुद्धा की मुस्कान केवल खुशी का प्रतीक नहीं है, बल्कि इसमें गहरी आध्यात्मिक और दार्शनिक मान्यताएं छिपी हुई हैं। लाफिंग बुद्धा को आंतरिक शांति और संतोष का प्रतिनिधित्व करते हुए देखा जाता है। उनकी हंसी पूर्ण आत्मसंतोष को दर्शाती है, जो भौतिक इच्छाओं और चिंताओं से मुक्त होती है। फेंगशुई सिद्धांतों के अनुसार, लाफिंग बुद्धा की उपस्थिति नकारात्मक ऊर्जा को दूर करती है और घर व कार्यस्थल में सकारात्मकता का संचार करती है।उनकी मुस्कान इस बात की याद दिलाती है कि सच्ची खुशी बाहरी परिस्थितियों पर निर्भर नहीं करती, बल्कि यह हमारे दृष्टिकोण पर निर्भर करती है। हंसी और आनंद को ज्ञान प्राप्ति का एक आवश्यक तत्व माना गया है। लाफिंग बुद्धा की हमेशा प्रसन्न मुद्रा इस बात को दिखाती है कि वास्तविक आनंद बाहरी भोगों में नहीं, बल्कि मानसिक शांति में होता है।

### घर पर लाफिंग बुद्धा रखने का महत्व

फेंगशुई के अनुसार, लाफिंग बुद्धा का सही स्थान पर रखना सकारात्मक ऊर्जा और सौभाग्य को आकर्षित कर सकता है। घर पर लाफिंग बुद्धा रखने के कई फायदे हैं।

## बिना धूप के भी तैयार हो जाएगा अचार, सर्दियों में करें फटाफट तैयार



गाजर और मूली का इंस्टेंट अचार बिना धूप में सुखाए भी आसानी से बन जाता है। इसे बनाने में न तो अधिक वक्त लगता है और ना ही धूप की जरूरत होती है। आइए जानते हैं सर्दियों में फटाफट अचार बनाने की आसान विधि।

### अचार बनाने के लिए सामग्री

दो गाजर कद्दूकस किए हुए, एक मूली कद्दूकस की हुई, (चाहे तो पतले और छोटे टुकड़ों में भी काट सकते हैं) एक चम्मच अदरक कद्दूकस किया हुआ नमक, हल्दी पाउडर, लाल मिर्च पाउडर, आधा चम्मच सौंफ, चुटकीभर मेथी दाना, दो चम्मच सरसों का तेल, एक-दो चम्मच सिरका।

### अचार बनाने की विधि

स्टेप 1- सबसे पहले गाजर और मूली को अच्छी तरह से धोकर छील लें। अब इसे कद्दूकस कर लें।

स्टेप 2- एक बड़े बर्तन में कद्दूकस किया हुआ गाजर और मूली एकत्र करके उसमें स्वादानुसार नमक, चुटकी भर हल्दी, लाल मिर्च पाउडर, सौंफ, मेथी दाना और अदरक डालकर अच्छे से मिला लें।

स्टेप 3- एक कढ़ाई में सरसों का तेल गर्म करें। इसमें थोड़ा सा मेथी दाना डालकर भूनें। जब तेल गर्म हो जाए और मेथी दाना हल्का सुनहरा हो जाए तो इसमें मूली और गाजर का मिश्रण मिलाएं।

स्टेप 4- ऊपर से सिरका डालकर अच्छी तरह से मिला लें। तेल और सिरका अचार को जल्दी पका देंगे और इसमें ताजगी भी बनी रहेगी।

स्टेप 5- जब सभी सामग्री अच्छे से मिल जाए और मसाले व तेल गाजर-मूली के टुकड़ों में अच्छे से समा जाए तो समझिए अचार तैयार है।



## इन संकेतों से लगाएं पता कि दोस्त सच्चा है या पीठ पीछे करता है बुराई

अगर आपके आसपास भी कोई ऐसा दोस्त है जो धोखेबाज दोस्तों वाली हरकतें करता है, तो बेहतर है कि उससे दूरी बना लें और उन दोस्तों को महत्व दें जो सच में आपके अपने हैं। अगर आप भी जानना चाहते हैं कि आपका दोस्त सच्चा है या सिर्फ नाम का, तो इन संकेतों को ध्यान से पढ़ें। अक्सर हम जिन लोगों को अपना अच्छा दोस्त समझते हैं, वे असल में झूठे दोस्त होते हैं। ये दोस्त सामने तो मीठी बातें करते हैं लेकिन पीठ पीछे बुराई करने से पीछे नहीं हटते। नकली दोस्त आपसे झूठ बोलते हैं। आपकी दोस्ती का फायदा उठाते हैं या कभी भी धोखा दे सकते हैं। अगर आपके आसपास भी कोई ऐसा दोस्त है जो धोखेबाज दोस्तों वाली हरकतें करता है, तो बेहतर है कि उससे दूरी बना लें और उन दोस्तों को महत्व दें जो सच में आपके अपने हैं। अगर आप भी जानना चाहते हैं कि आपका दोस्त सच्चा है या सिर्फ नाम का, तो इन संकेतों को ध्यान से पढ़ें।

### सामने मीठे और पीठ पीछे बुराई



नकली दोस्त की पहचान यही होती है कि वे सामने तो आपकी तारीफ करते हैं लेकिन जैसे ही आप वहां से हटेंगे, आपकी बुराई करने लगेंगे। अगर आपको बार-बार दूसरे लोगों से अपनी बुराई सुनने को मिल रही है, तो सावधान हो जाएं।

### जरूरत पड़ने पर गायब हो जाना

सच्चे दोस्त हर अच्छे-बुरे वक्त में आपके साथ होते हैं, लेकिन झूठे दोस्त सिर्फ अपने फायदे के समय आपके आसपास रहते हैं। जब आपको उनकी सबसे ज्यादा जरूरत होती है, तब वे बहाने बनाकर गायब हो जाते हैं।

### आपके राज दूसरों को बताना

अगर आपने अपने दोस्त को कोई सीक्रेट बताया है और वह बात धीरे-धीरे सब तक पहुंच गई, तो इसका मतलब है कि वह दोस्त भरोसेमंद नहीं है। सच्चे दोस्त आपकी निजी बातें दूसरों के सामने उजागर नहीं करते।

### नीचा दिखाने की कोशिश

अगर आपका कोई दोस्त हमेशा आपको कम आंकने की कोशिश करता है, आपकी उपलब्धियों को छोटा दिखाता है या दूसरों के सामने मजाक बनाता है, तो वह सच्चा दोस्त नहीं है।

### दोस्ती में प्रतियोगिता

नकली दोस्त को आपकी खुशी और सफलता से जलन होती है। वे हमेशा खुद को आपसे बेहतर साबित करने की कोशिश करते हैं और जब आप आगे बढ़ते हैं, तो उन्हें तकलीफ होती है।

### फायदे के लिए जुड़े रहना

अगर कोई दोस्त सिर्फ अपना काम होने पर ही आपको याद करता है लेकिन जब आप किसी मदद के लिए बुलाते हैं तो बहाने बनाता है, तो वह दोस्त नहीं बल्कि सिर्फ एक यूजर है। ऐसे लोग दोस्ती की आड़ में आपका फायदा उठाते हैं।





## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## विन की 'फास्ट फॉरएवर' आ रही पॉल के साथ साझा की फोटो



'फास्ट एंड फ्यूरियस' फ्रैंचाइजी लगभग 25 साल से दर्शकों का मनोरंजन कर रही है। विन डीजल की इस फिल्म के कई पार्ट रिलीज हो चुके हैं। 'फ्यूरियस 7' और 'फास्ट एक्स' जैसी फिल्मों का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन तो कई मिलियन में पहुंचा था। अब विन डीजल ने फिल्म की अगली किश्त भी कंफर्म कर दी है। 'फास्ट एंड फ्यूरियस' फ्रैंचाइजी की आखिरी फिल्म 'फास्ट एक्स' साल 2023 में रिलीज हुई थी। जिसके बाद से ही दर्शकों को अगली फिल्म का इंतजार था। अब विन डीजल ने अपने सोशल मीडिया अकांउट के जरिए अगली फिल्म की जानकारी दी है। साथ ही एक्टर ने अपनी और दिवंगत अभिनेता पॉल वॉकर की तस्वीर भी साझा की है। 'फास्ट एंड फ्यूरियस' फ्रैंचाइजी की पहली फिल्म 2001 में आई थी। इस फिल्म में पहली बार विन डीजल और पॉल वॉकर की जोड़ी को दर्शकों ने देखा और पसंद किया था। जिसके बाद फिल्म के कई पार्ट्स आए और मेकर्स ने खूब कमाई की। अब इसी फ्रैंचाइजी की फिल्म 'फास्ट फॉरएवर 'आ रही है। इसका ऐलान विन डीजल ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए किया। विन ने इस पोस्ट के साथ एक पुरानी तस्वीर भी शेयर की जिसमें वो और वॉकर दोनों साथ में मौजूद हैं। विन ने अपनी पोस्ट में लिखा, 'किसी ने नहीं कहा था कि ये राह आसान होने वाली है। लेकिन इससे ही हमारी पहचान है। यह हमारी विरासत है। ऐसी विरासत, जो हमेशा रहेगी। 17 मार्च 2028 को आ रही है 'फास्ट फॉरएवर..।'

### टॉलीवुड

## डेब्यू के लिए तैयार राशा, शेयर किया फिल्म का मोशन पोस्टर



बॉलीवुड में फिल्म 'आजाद' से डेब्यू कर चुकी अभिनेत्री राशा थडानी अब तेलुगु सिनेमा में डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। वह फिल्म 'श्रीनिवास मंगापुरम' में नजर आने वाली हैं। उनकी अपकमिंग फिल्म का मोशन पोस्टर सामने आ चुका है। सोशल मीडिया पर अपनी फिल्म का मोशन पोस्टर शेयर करते हुए राशा थडानी ने खुशी जाहिर की है। इसके साथ उन्होंने एक पोस्ट लिखी है। इंस्टाग्राम पर राशा थडानी ने जो पोस्टर शेयर किया है, उसमें देखा जा सकता है कि उन्होंने हल्की बैंगनी रंग की ड्रेस पहनी है। उन्होंने अपने बाल खोले हैं। इसके बैकग्राउंड में गुड़हल के फूल लगे हैं। मोशन पोस्टर शेयर करते हुए राशा थडानी ने लिखा है 'श्रीनिवास मंगापुरम की मंगा से मिलिए। आभार और उम्मीद से भरे दिल के साथ, मैं तेलुगु सिनेमा में अपना पहला कदम रख रही हूं। यह एक ऐसी दुनिया है, जहां जमीन से जुड़ी कहानियां होती हैं। इस सफर ने मुझे अपने ऊपर यकीन करना और सब्र करना सिखाया है। उन लोगों का शुक्रिया जिन्होंने मुझ पर शुरुआत में भरोसा किया।' फिल्म 'श्रीनिवास मंगापुरम' के निर्देशक अजय भूपति हैं। राशा थडानी इस फिल्म में मंगा का किरदार निभाएंगी। यह फिल्म कब रिलीज होगी इसके बारे में जानकारी नहीं है। अजय भूपति ने पहले 'आरएक्स 100', 'महा समुद्रम' और 'मंगलावरम' जैसी फिल्मों का निर्देशन किया है। आपको बता दें कि राशा थडानी ने फिल्म 'आजाद' से बॉलीवुड में कदम रखा था। इसमें अजय देवगन के भतीजे अमन देवगन ने भी अभिनय किया था। फिल्म का निर्देशन अभिषेक कपूर ने किया था। 17 जनवरी 2025 को रिलीज हुई यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बहुत अच्छा नहीं कर पाई थी।

### भोजपुरी

## एक्ट्रेस आकांक्षा और पति पर केस दर्ज करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी का है इल्जाम

भोजपुरी एक्ट्रेस आकांक्षा अवस्थी और उनके पति विवेक कुमार उर्फ अभिषेक कुमार सिंह चौहान पर मुंबई पुलिस ने करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में केस दर्ज किया है। इस जोड़े पर मुंबई के एक कस्टम क्लीयरेंस एजेंट से 11.50 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने का आरोप है। एएनआई की खबर के अनुसार भोजपुरी एक्ट्रेस आकांक्षा अवस्थी और उनके पति के खिलाफ यह शिकायत हितेश कां ति ला ल अजमेरा ने दर्ज कराई है। वह कस्टम क्लीयरेंस से जुड़ा काम करते हैं। हितेश ने पंतनगर पुलिस से संपर्क किया और आरोप लगाया कि इस जोड़े ने उन्हें बड़े रिटर्न और फिल्म इंडस्ट्री में अच्छे संपर्क बनाने का झूठा वादा करके फंसाया। हितेश की शिकायत के आधार पर बुधवार 28 जनवरी को एक एफआईआर दर्ज की गई। एफआईआर के अनुसार शिकायतकर्ता ने यह आरोप लगाया है कि आकांक्षा और विवेक ने फिल्म इंडस्ट्री में खुद को काफी मशहूर बताया। साथ ही यह भी जताया कि उनके पास बहुत पैसा और अच्छे कनेक्शन हैं। हितेश ने यह भी कहा कि एक्ट्रेस ने उन्हें बताया था कि अंधेरी में उनका एक फिल्म स्टूडियो और एक एक्टिंग ट्रेनिंग सेंटर है। हितेश आगे बताते हैं कि उन्हें इस जोड़े ने 200 करोड़ रुपये के रिटर्न का वादा करके इंवेस्ट करने के लिए मनाया था। भोजपुरी एक्ट्रेस के पति विवेक कुमार ने हितेश को बताया कि बिहार के बेतिया इलाके के एक वेयरहाउस में 300 करोड़ रुपये कैश जमा हैं, लेकिन कानूनी दिक्कतों के कारण पैसा फंस गया है।



लाइफ स्टाइल

जेन जी की पसंद



फैशन को समझना और उसे डिज़ाइन करना दो अलग-अलग बात है। यहीं पर प्रोफेशनल ट्रेनिंग काम आती है। चंडीगढ़ में फैशन डिजाइनिंग सिखाने वाले इंस्टीट्यूट ट्रेंड एनालिसिस, स्टाइलिंग और सस्टेनेबल फैशन पर मॉड्यूल शामिल कर रहे हैं - ये सभी आज की पीढ़ी की पसंद से जुड़े हुए हैं। यहां स्टूडेंट्स को मॉडर्न ट्रेंड्स, क्रिएटिव डिजाइन और मार्केट-रेडी पोर्टफोलियो का प्रैक्टिकल अनुभव मिलता है। यहां आज की पीढ़ी खास कर जेन जी की पसंद पर लगातार क्रिएटिव रिसर्च जारी है।

## चेहरे की झुर्रियां कम करने इस्तेमाल करें चावल का पानी

हम सभों यंग दिखना पसंद होता है। इसलिए हम एक्सपर्ट से सलाह लेकर अलग-अलग ट्रीटमेंट के बारे में पूछते हैं, ताकि स्किन पर झुर्रियां नजर न आए। लेकिन इन सभी चीजों से बेहतर होता घरेलू नुस्खा। घर में कई सारी ऐसी चीजें रखी होती हैं, जिसके इस्तेमाल से आप अपनी स्किन को हेल्दी रख सकती हैं। डॉक्टर स्वाति ने एक ऐसे ही नुस्खे को शेयर किया है। जिसे ट्राई करके आप अपनी स्किन को हेल्दी रख सकती हैं। चलिए आपको बताते हैं किस चीज को आप अपने चेहरे पर इस्तेमाल कर सकती हैं।



### चावल के पानी से बनाएं टोनर

आप अपनी स्किन को हाइड्रेट और टाइट रखना चाहती हैं, तो ऐसे में आप अपनी स्किन पर चावल क पानी का टोनर बनाकर इसे लगा सकती हैं। टोनर आपकी स्किन को टाइट रखता है। साथ ही, इससे स्किन फ्रेश नजर आती है। इसके लिए आपको चावल को एक रात पहले भिगोकर रखना है। फिर इसके पानी को छान लेना है। अब इसमें गुलाब जल को मिक्स करना है। इसके बाद स्प्रे बोतल में स्टोर करके चेहरे पर लगाना है। इससे आपकी स्किन हेल्दी रहेगी।

### चावल के पानी का मास्क

आप अपनी झुर्रियों वाली स्किन के लिए चावल के पानी से मास्क बना सकती हैं। इसके लिए आपको चावल के पानी को छानकर अलग करना है। अब इसमें मार्केट से मिला मास्क को डीप करना है और चेहरे पर लगाना है। इसे सूखने दें। इसके बाद चेहरे से इसे हटाएं और मसाज करें। इससे आपकी स्किन अंदर से हाइड्रेट हो जाएगी। इसे लगाने से चेहरे पर झुर्रियां भी नजर नहीं आएंगी।

### चावल के पानी से साफ करें चेहरा

अगर आपके पास समय नहीं है कि टोनर और मास्क बनाएं तो ऐसे में आप चावल के पानी को स्टोर करके रखें। हर सुबह चेहरे पर एलोवेरा जेल लगाने के बाद इस पानी से चेहरे को साफ करें। इसे लगाने से आपकी स्किन हेल्दी नजर आएगी। साथ ही, झुर्रियां भी कम हो जाएगी। इस नुस्खे को आप ट्राई करके अपनी स्किन को हेल्दी रख सकती हैं। इसे लगाने से आपकी स्किन पर झुर्रियों की समस्या नहीं नजर आएगी। साथ ही, आपको स्किन पर महंगे प्रोडक्ट को इस्तेमाल करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

## स्टाइल करें ये इंडो वेस्टर्न आउटफिट्स महफिल में नजरें टिक जाएंगी आप पर



फरवरी का महीना हर किसी को एक्साइडेट कर देता है। इस महीने में 1 हफ्ता ऐसा होता है, जिस हर कोई अपने पार्टनर के लिए स्पेशल बनाने की कोशिश करता है। कोई अपने पार्टनर के लिए डेट प्लान करता है, तो कुछ लोग अच्छे से तैयार होकर अपने पार्टनर को खुश करने की कोशिश करते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि अच्छी ड्रेस और लुक से इंप्रेशन अच्छा पड़ता है। ऐसे में आप भी अपने पार्टनर को खुश करने के लिए अलग तरह के आउटफिट को स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आप इंडो वेस्टर्न के ऑप्शन को ट्राई कर सकती हैं।



### को ऑर्ड सेट करें स्टाइल

सुंदर दिखना और पार्टनर से तारीफ चाहिए तो इसके लिए आप वेलेंटाइन डे पर रेड की जगह पर ऐसे कलर के आउटफिट को स्टाइल करें जो दिखने के साथ-साथ पहननें में भी स्टाइलिश लगे। इसके लिए आप को ऑर्ड सेट को वियर कर सकती हैं। इस फोटो में आउटफिट को बेहद खूबसूरत पैटर्न में तैयार किया गया है। जिसे आप जब ज्वेलरी के साथ स्टाइल करेंगी, तो अच्छी नजर आएंगी। इस तरह के आउटफिट आप प्रिंटेड पैटर्न के साथ-साथ प्लेन डिजाइन में भी ले सकती हैं। वेलेंटाइन लुक के लिए हर डिजाइन अच्छा लगेगा।



### स्लिट कट स्कर्ट विद टॉप

आप अगर अपने पार्टनर के साथ कोई पार्टी प्लान कर रही हैं, तो उसमें पहनने के लिए आप स्लिट कट स्कर्ट विद टॉप को वियर कर सकती हैं। इस तरह की ड्रेस में भी आप खूबसूरत नजर आएंगी। इसमें आपको ऊपर का टॉप प्लेन और प्रिंटेड दोनों मिल जाएगा। साथ में स्कर्ट भी आप किसी भी पैटर्न में ले सकती हैं। अगर आपको फिटिंग की प्रॉब्लम आती है, तो ऐसे में आप इसे कपड़ा लेकर भी डिजाइन करा सकती हैं। इससे आप अच्छी भी लगेंगी। साथ ही, नए पैटर्न को ट्राई कर पाएंगी।

### प्लाजो सेट करें स्टाइल

आप अपने लुक को अट्रैक्टिव बनाने के लिए प्लाजो सेट को भी स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के आउटफिट्स आजकल लड़कियां रेडीमेड लेने की बजाए डिजाइन से तैयार करते हैं। इसके लिए आप सेम डिजाइन के कपड़े को खरीदें। इससे आप ऊपर का टॉप और प्लाजो डिजाइन करवाएं। इसके साथ नेट फैब्रिक की जैकेट स्टाइल करें। इससे आपका लुक भी अच्छा लगेगा। साथ ही, सही फिटिंग और पैटर्न की ड्रेस आपके पास होगी। जिसे आप वेलेंटाइन डे पर वियर कर सकती हैं। इस बार इन पैटर्न के आउटफिट को स्टाइल करें। इससे आपका लुक भी अच्छा लगेगा।

## लंबी गर्दन के लिए बेस्ट हैं ये चेन सेट आपके लुक को बना देंगें परफेक्ट

जब भी हम किसी पार्टी या फंक्शन के लिए आउटफिट को स्टाइल करने के बारे में सोचते हैं, तो हमेशा एक ही चीज दिमाग में आती है कि कौन सी ज्वेलरी को साथ में पेयर करें। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे लुक में कुछ नया डिजाइन ऐड हो जाता है। लेकिन इसमें दिक्कत तब आती है, जब हम अपनी गर्दन का ध्यान रखे बिना ज्वेलरी को खरीद लेते हैं। इससे लुक ही खराब हो जाता है। इस बार ऐसी गलती न करें। अगर आपकी गर्दन लंबी है तो इसके के लिए आप चेन सेट को खरीदें। ये आउटफिट के साथ भी अच्छे लगेंगे। साथ ही, लुक में चार चांद लगा देंगे।



### डबल पेंडेंट वाला चेन सेट

आप अट्रैक्टिव लुक के लिए डबल पेंडेट सेट को वियर कर सकती हैं। इस तरह के पेंडेट सेट पहनने के बाद अच्छे लगते हैं। साथ ही, इससे लुक भी क्रिएटिव नजर आता है। इस तरह के सेट में जो आगे का पेंडेंट होता है वो डबल डिजाइन के साथ होता है। इसके साथ चेन आपको पतली मिलती है। इसलिए ये आपकी नेक पर अच्छा लगता है। इसे आप किसी भी आउटफिट के साथ स्टाइल कर सकती हैं। इससे लुक भी अच्छा लगता है। साथ ही, आप इसे दोबारा भी इस्तेमाल में ला सकती हैं। इस तरह के सेट आपको 200 से 300 रुपये में ऑनलाइन और मार्केट दोनों जगह पर मिल जाते हैं।

### सिंपल डिजाइन वाला चेन सेट

आप अपने लिए सिंपल डिजाइन वाला चेन सेट को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के चेन सेट लंबी गर्दन पर अच्छे लगते हैं। इस तरह के सेट आपको अलग-अलग डिजाइन पैटर्न में मिल जाएगा।

## लुक बदलने कानों में वियर करें ये पर्ल इयररिंग्स

आप सुंदर दिखने के लिए पर्ल डिजाइन वाले इयररिंग्स को वियर कर सकती हैं। इयररिंग्स कानों में पहनने के बाद अच्छे लगेंगे। साथ ही, इससे लुक भी अच्छा नजर आएगा। जब भी किसी पार्टी में जाना होता है, तो हम अपने लिए अलग डिजाइन वाले आउटफिट की शॉपिंग करते हैं। लेकिन जब ज्वेलरी स्टाइल करने की बात आती है, तो इसके लिए हम कुछ अलग डिजाइन सर्च करते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे लुक भी अट्रैक्टिव नजर आता है। इस बार आप आउटफिट के साथ पर्ल डिजाइन वाली ज्वेलरी को वियर करें। इस तरह की ज्वेलरी पहनने के बाद अच्छी लगेगी। साथ ही, आप अच्छी नजर आएंगी।



### पर्ल डिजाइन हूप्स इयररिंग्स

आप लुक को क्लासी और अट्रैक्टिव बनाने के लिए पर्ल डिजाइन वाले हूप्स इयररिंग्स के वियर कर सकती हैं। इस तरह के इयररिंग्स आपके कानों की सुंदरता को बड़ा देंगे। इस तरह के इयररिंग्स में आपको पूरे में पर्ल का डिजाइन मिलेगा। साथ ही, इसमें कलर भी आपको अलग-अलग मिल जाएंगे। इससे आपका लुक अच्छा लगेगा। इस तरह के इयररिंग्स आपको हर के आउटफिट के साथ वियर कर पाएंगी। इसे आप मार्केट से 100 से 200 रुपये में खरीद सकती हैं।

### स्टड इयररिंग्स

अगर आप क्लासी और एलीगेंट लुक क्रिएट करना चाहती हैं, तो इसके लिए आप स्टड इयररिंग्स को आप वियर कर सकती हैं। इस तरह के इयररिंग्स पहनने क बाद अच्छे लगते हैं। इसमें आपको एनिमल डिजाइन से लेकर फ्लावर डिजाइन वाले इयररिंग्स भी मिल जाएंगे। जिसे वियर करके आपका लुक अच्छा नजर आएगा। इस तरह के इयररिंग्स पहनने के बाद आपका लुक अच्छा लगेगा।

### ड्रॉप इयररिंग्स करें वियर

आप पर्ल डिजाइन वाले ड्रॉप इयररिंग्स को वियर कर सकती हैं। इस तरह के इयररिंग्स पहनने के बाद अच्छे लगते हैं। इसमें पर्ल को अलग शेप में दिया जाता है। साथ ही, इससे लुक भी अट्रैक्टिव नजर आता है। इसे आप वेस्टर्न से लेकर एथनिक आउटफिट के साथ वियर कर सकती हैं। इससे लुक अच्छा लगेगा। इस तरह के इयररिंग्स आपको 200 से 300 रुपये में मिल जाएंगे। इस बार अपने आउटफिट के साथ पर्ल इयररिंग्स को वियर कर सकती हैं। इससे आप अच्छी नजर आएंगी। साथ ही, आप सबसे अलग दिखाई देंगी।

कार्नर न्यूज

### फैशन का अटूट हिस्सा है सूट, ब्लेजर और कोट

## सूट, ब्लेजर और कोट में फर्क मालूम होना चाहिए आपको, एक-दूजे से ये तीनों होते हैं बिल्कुल जुदा

आज के समय में लोग अलग-अलग मौकों पर तरह-तरह के स्टाइल के कपड़े पहनते हैं। इनमें से कुछ ऐसे ड्रेसेज ऐसे हैं, जो दिखते तो एक जैसे हैं पर वास्तव में उनमें अंतर होता है। ऐसे में, आज हम बात कर रहे हैं- सूट, कोट या फिर ब्लेजर की। अगर आपको इन तीनों में फर्क नहीं पता है, तो चलिए आज हम आपको बताते हैं।

फैशन और स्टाइल में जब बात फॉर्मल या सेमी-फॉर्मल वियर की आती है, तो सूट, ब्लेजर और कोट जैसे आउटफिट्स सबसे पहले दिमाग में आते हैं। हालांकि, कई बार लोग इन तीनों में फर्क नहीं समझ पाते और एक जैसे समझकर गलत चुनाव कर लेते हैं। दुनिया का फैशन सेन्स बहुत तेजी से बदल रहा है।

आजकल लोग अलग-अलग मौकों पर तरह-तरह के स्टाइलिश कपड़े पहनना पसंद करते हैं। इन्हीं में सूट, कोट और ब्लेजर शामिल हैं, जिसे लगभग सभी एक ही समझते हैं। हालांकि, इनमें अंतर होता है। अगर आपको भी सूट, ब्लेजर और कोट के बीच का अंतर नहीं पता है, तो चलिए हम आपोक इस आर्टिकल में विस्तार से जानते हैं।



### सूट कोट और ब्लेजर में क्या अंतर है?

सूट का जैकेट और पैंट हमेशा एक-दूसरे के मैचिंग सेट होते हैं। साथ ही, यह फॉर्मल लुक देता है। वहीं, ब्लेजर सेमी-फॉर्मल लुक के लिए बेस्ट ऑप्शन है। इसे कैडुअल अपीयरेंस और अलग-अलग कलर ऑप्शन के साथ पहना जा सकता है। जबकि, विंटर प्रोटेक्शन के लिए पहने जाने वाले जैकेट को कोट कहते हैं। यह लॉन्ग और किसी भी रंग की हो सकती है। कोट किसी भी ड्रएस फॉर्मल या अनफॉर्मल के साथ भी पहना जा सकता है।

### सूट हो सकता है एक परफेक्ट फॉर्मल वियर

सूट एक कंप्लीट फॉर्मल आउटफिट होता है, जिसमें एक मैचिंग जैकेट और पैंट का सेट शामिल होता है। यह कॉर्पोरेट मीटिंग्स, ऑफिस वियर, वेडिंग्स और अन्य फॉर्मल इवेंट्स के लिए एकदम परफेक्ट माना जाता है। सूट के जैकेट और पैंट का फैब्रिक और पैटर्न एक जैसा होता है। इसे शर्ट, टाई और फॉर्मल शूज के साथ पहना जाता है। इसमें सिंगल-ब्रेस्टेड और डबल-ब्रेस्टेड डिजाइन होते हैं।

### ब्लेजर देता है कैज़ुअल और सेमी-फॉर्मल लुक

ब्लेजर एक प्रकार की जैकेट होती है, जो सूट जैकेट से अलग होती है। इसे पैंट, जींस या चिनोज के साथ पहना जा सकता है। ब्लेजर और पैंट का फैब्रिक अलग-अलग हो सकता है। यह सूट जैकेट से हल्का और कैजुअल टच देने वाला होता है। इसमें ब्राइट और बोल्ड कलर्स ज्यादा देखने को मिलते हैं। यह सेमी-फॉर्मल इवेंट्स, पार्टीज और आउटिंग्स या कॉलेज फंक्शन्स के लिए बेस्ट होता है।

### कोट के बारे में जानें

कोट एक विंटरवेयर आउटफिट है, जिसे ठंड से बचाव के लिए पहना जाता है। यह लंबा होता है और इसे सूट या कैजुअल कपड़ों के ऊपर पहना जा सकता है। कोट का फैब्रिक मोटा और गर्माहट देने वाला होता है। यह घुटनों तक या उससे लंबा हो सकता है। इसमें ट्रेंच कोट, पी कोट और ओवरकोट जैसे कई वैरायटीज होती हैं।

